www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ... | पत्र नहीं; मित्र | संपर्क : deshbandhubpl1@yahoo.co.in

देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 316 । भोपाल, गुरुवार 16 नवम्बर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए

चुनावी शोर थमा, अनुमतियां निरस्त

बाहरी लोगों के रुकने पर प्रतिबंध

भोपाल, देशबन्धु। राजधानी भोपाल में विधानसभा चुनाव का शोर बुधवार शाम 6 बजे से थम गया। इसके साथ ही पहले से जारी सभी अनुमतियां निरस्त हो गई। लिहाजा अब न तो चुनावी जुलूस निकलेंगे और न धरना, रैली या सभाएं होंगी। वहीं अब शहर में बाहरी लोगों के रुकने पर भी रोक रहेगी।

भोपाल जिले में 17 नवंबर की सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। इसके लिए चुनाव का शोर बुधवार शाम 6 बजे से थम गया। अब कोई भी प्रत्याशी न तो जुलूस-रैली निकाल सकेगा और न ही सभा कर सकेगा। हालांकि बिना शोर-शराबे के घर-घर जाकर मतदाताओं से व्यक्तिगत मिल सकेगा। वहीं अब शहर की होटल, धर्मशालाओं में बाहरी लोगों के रुकने पर भी रोक रहेगी और बिना किसी वैध कारणों के बाहरी लोग नहीं रुक पाएंगे। पुलिस होटल, धर्मशालाओं में जांच करेगी और आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई करेगी। इसके साथ ही शहर की सीमाओं पर भी सख्त जांच होगी। ताकि, गड़बड़ी करने वालों को सख्ती से रोका जा सके।

उल्लेखनीय हैं कि जिले में बैरसिया, नरेला, हुजूर, भोपाल मध्य, भोपाल उत्तर, भोपाल दक्षिण-पश्चिम और गोविंदपुरा विधानसभा सीटें हैं। सभी सात विधानसभा सीटों के लिए कुल 96 उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतरे हैं। इनमें सबसे ज्यादा 23 उम्मीदवार नरेला विधानसभा सीट से किस्मत आजमा रहे हैं, जबकि सबसे कम 6 प्रत्याशी हुजूर सीट से चुनावी मैदान में है। वहीं सभी सीटों पर 37 निर्दलीय भी डटे हुए हैं। जिले में कुल 2049 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

शराब दुकानें बंद, बेचने-खरीदने पर प्रतिबंध

कलेक्टर आशीष सिंह ने बुधवार शाम 6 बजे से 17 नवंबर को मतदान समाप्ति तक जिले में शुष्क दिवस घोषित किया है। आज शाम से जिले की सभी शराब की दुकानें भी मतदान समाप्ति तक बंद हो गई है। जारी आदेश के अनुसार मतदान समाप्ति तक शराब को बेचने-खरीदने और भंडारण आदि पर प्रतिबंध रहेगा। इस दौरान जिले की परिसीमा में स्थित एवं संचालित सभी शराब दुकानों, रेस्टोरेंट बार, होटल बार, सिविलियन क्लब, सैनिक थोक कैंटीन, फुटकर कैंटीन, वाइन विक्रय के लिए स्वीकृत रिटेल आउटलेट एवं अन्य लाइसेंस केंद्र, जिंसी चौराहा स्थित देशी शराब भंडारागार और गांधीनगर स्थित विदेशी शराब भंडारगार से शराब के आयात, निर्यात, परिवहन, क्रय, विक्रय एवं प्रदाय पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। इसी तरह 3 दिसंबर को मतगणना वाले पूरे दिन यह प्रतिबंध लागू रहेगा।

डेढ़ लाख रुपए की शराब जब्त

भोपाल, देशबन्धु। गौतम नगर पुलिस ने वाहन चैकिंग के दौरान कार को रोका। चेक करने पर उसमें रखी 26 पेटी देसी और विदेशी शराब को जब्त किया गया है। जब्त शराब की कीमत एक लाख 46 हजार रुपए बताई जा रही है। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर ग्रीन पार्क मोड़ गौतम नगर में बुधवार को वाहन चेकिंग की गई थी। इस दौरान वाहन क्रमांक एमपी 04 सीएच 2899 को रोक कर तलाशी ली गई तो गाड़ी की डिक्की में 26 पेटी विदेशी एवं देसी मदिरा 234 लीटर कीमत 1.46 लाख रुपए की अवैध शराब पाइ गई। इस पर टाटा मैजिक वाहन कीमती चार लाख रुपए और शराब को जप्त किया गया। इसके साथ ही वाहन चालक के विरुद्ध आबकारी एक्ट का दर्ज किया गया और उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

टावर पर चढ़ा निर्दलीय प्रत्याशी, उड़ाए चुनावी पोस्टर

आधे घंटे की मशक्कत के बाद क्रेन से उतरा नीचे

भोपाल, देशबन्धु। एक निर्दलीय प्रत्याशी राजधानी के कस्तूरबा नगर चौराहे पर टावर पर चढ़ गया। वहां से नारे लगाते हुए चुनावी पोस्टर उड़ाने लगा। काफी मशक्कत के बाद पुलिस और नगर निगम ने क्रेन की मदद से शख्स को टावर से उतारा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नरेला विधानसभा से निर्दलीय चुनाव लड़ रहा अर्जुन आर्य उर्फ जज्जाल साहब नाम का युवक बुधवार शाम करीब 5 बजे अचानक चौराहे के टावर पर चढ़ गया। उसके पास में एक बैग था, जिसमें चुनावी पोस्टर भरे हुए थे। सबसे पहले युवक टावर पर तिरंगा झंडा लगाया और फिर बैग में भरे चुनावी पोस्टर ऊपर से उड़ाने लगा। उसका यह नाटक आधे घंटे से अधिक समय तक चला। इस दौरान मौके पर मौजूद लोगों और पुलिस ने उसे नीचे उतरने को कहा, लेकिन वह नहीं माना। इसके बाद पुलिस ने मामले की जानकारी नगर निगम को दी। इस पर निगम क्रेन मौके पर पहुंची और फिर क्रेन की मदद से उसको टावर से नीचे

उतारा गया। इसके बाद उसे हिरासत में लेकर गोविंदपुरा थाना ले जाया गया। जहां उससे पूछताछ की गई। पुलिस का कहना है कि अर्जुन नरेला विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहा है। यह इससे पहले भी 2 बार अलग-अलग जगह पर टावर पर चढ़ चुका है। तब समझाइश के बाद उसे छोड़ दिया था। वह सस्ती लोकप्रियता के लिए इस तरह की हरकत करता है।

एडीआर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी की साझा पहल

रंगोली बनाकर दिया समावेशी मतदान का संदेश

भोपाल, देशबन्धु। भोपाल के कलाकारों ने बुधवार को 4 घंटे की मेहनत और 40 किलो रंगो से 400 वर्गफीट की विशाल रंगोली बनाकर शत-प्रतिशत, समावेशी मतदान का सन्देश दिया है।

राजधानी के बोट क्लब पर एडीआर और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के संयुक्त तत्वावधान में रंगोली बनाई गई है। इस रंगोली को स्थानीय कलाकार धर्मेंद्र मेवाड़े, टीनू बाला, ॠषि बाथम, आनंद नंदेश्वर और आशीष कोरसा ने बनाया है। इस रंगोली के माध्यम से अनिवार्य मतदान और जागरूक व सतर्क नागरिक बनने का सन्देश दिया गया है। इसके साथ ही यह भी बताया गया है कि मतदान केन्द्रों पर अलग-अलग वर्ग के लिए किस तरह की व्यवस्था की गई है

जैसे कि दिव्यांग जनों के लिए व्हील चेयर, रैम्प आदि की व्यवस्था है। इसी प्रकार वृद्धजनों के लिए भी मतदान केन्द्रों पर की गई विशेष व्यवस्था को भी दर्शाया गया है। इस रंगोली में मतदान के दौरान या उसके पहले किसी भी तरह की गड़बड़ी को लेकर सी-विजिल एप पर की जाने वाली शिकायत के संदर्भ में भी जानकारी दी गई है। यह सतर्क एवं जागरूक नागरिकता को लेकर की गई पहल है। एडीआर की संयोजक रोली शिवहरे ने बताया कि अब मतदान के लिए अंतिम दो दिन बचे हैं। चूंकि बोट क्लब पर बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं, इसी को ध्यान में रखकर समावेशी और सतर्क मतदान को लेकर हमने इस रंगोली को बनवाया है। हमारे द्वारा इस रंगोली के माध्यम से यह अपील की जा रही है कि भोपाल में लोग अपने घरों से निकलकर शत-प्रतिशत मतदान करें।

सुरक्षाकर्मियों पर हमला करने वाले का जुलूस निकाला

आरोपी बोला- अपराध करना पाप, पुलिस हमारी बाप

भोपाल, देशबन्धु। हमीदिया अस्पताल के सुपरवाइजर और सुरक्षाकर्मियों पर हमला करने वाले बदमाश को घटना के बाद ही वीआईपी गेस्ट हाउस के पास चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने बुधवार को बदमाश को अर्धनग्न कर जुलुसू निकाला। जुलूस के दौरान बदमाश बोला अपराध करना पाप है, पुलिस हमारी बाप है।

कोहफिजा थाना प्रभारी बृजेंद्र मर्सकोले ने बताया कि कुख्यात बदमाश लईक उर्फ पहलवान उम्र 40 वर्ष तलैया का निगरानी बदमाश है। लईक मंगलवार शाम हमीदिया अस्पताल पहुंचा और सुरक्षाकर्मियों के साथ अड़ीबाजी करने लगा। सुरक्षाकर्मियों और सुपरवाइजर ने जब इसका विरोध किया तो उसने चाकू से हमला कर दिया था। इस हमले में सुपरवाइजर संजय त्यागी समेत तीन सुरक्षा कर्मियों के हाथ व पैर में गंभीर चोट आई थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया था। घटना के बाद मुखबिर से मिली सूचना के बाद आरोपी को वीआईपी गेस्ट हाउस के पास से गिरफ्तार किया गया था। चूंकि इस घटना से आम जनता में भय का माहौल बना हुआ था, इसलिए पुलिस ने बुधवार को बदमाश लईक का जुलूस निकाला। चूंकि वह तलैया थाने में दर्ज अपराध में फरार चल रहा था, इसलिए उसे तलैया पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

टीटी नगर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

भोपाल, देशबन्धु। विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुये वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना टीटी नगर पुलिस व कंट्रोल रूम से आई एसएसबी 723 बी 32 वाहिनी के 45 अधिकारी, कर्मचारियों के साथ फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च थाना टीटी नगर से रवाना होकर रंग महल चौराहा से पलाश तिराहा से बाणगंगा से झरनेश्वर मंदिर से 12 दफ्तर से जवाहर चौक से कटसी सुनहरी बाग से माता मंदिर से हर्षवर्धन नगर से पत्रकार कालोनी से पंचशील कलारी से जय भीम नगर से अर्जुन नगर से चक्की चौराहा से शिव नगर कालोनी होते हुये वापस थाना टीटी नगर वापस हुआ। फ्लैग मार्च के दौरान झुग्गी बस्तियों में रहने वाले गुण्डा बदमाशों पर दबाब वनाने के लिये थाना क्षेत्र के संपूर्ण मतदान केन्दो के आस पास भारी बल के साथ फ्लैग मार्च किया गया।

पुरानी रंजिश को लेकर 2 पक्षों में खूनी संघर्ष, 6 गंभीर

भोपाल, देशबन्धु। राजधानी के ईंटखेड़ी थाना इलाके में स्थित सूखी निपानिया गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। झगड़े में लाठी, तलवार, फरसा आदि का खुलकर इस्तेमाल हुआ। इस दौरान दोनों पक्षों के छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर इस घटना के बाद से गांव में तनाव व्याप्त है। इसके चलते शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। वहीं पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ बलवा, हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

ईंटखड़ी थाना प्रभारी दुर्जनसिंह बरकड़े ने बताया कि इलाके के सूखी निपानिया गांव में लंबे समय से सिलावट एवं मीना समाज के लोगों में जातिगत रंजिश चली आ रही है। पांच माह पहले भी दोनों पक्षों में झड़प हुई थी। तब सिलावट समाज के लोगों की शिकायत पर मीना समाज के लोगों के खिलाफ एट्रोसिटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था, जो न्यायालय में विचाराधीन है। पुरानी रंजिश को लेकर ही मंगलवार दोपहर गांव की गोशाला के पास दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। इस दौरान गाली-गलौज के बाद दोनों तरफ के लोग लाठी-डंडों समेत धारदार हथियार लेकर भिड़ गए। झगड़े की सूचना मिलने पर पुलिस बल मौके पर पहुंचा। लेकिन तब तक दोनों तरफ के छह लोगों को गंभीर रुप से घायल हो गए थे। लिहाजा उन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। इस मामले में अरविंद मीना की शिकायत पर चिंटू, राहुल, शिवा, विशाल, बबलू, करण, रवि, बेंदीप्रसाद और लक्की के खिलाफ बलवा, हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया गया है। इसी तरह पिंटू सिलावट की शिकायत पर अरविंद मीना, हुकुम, आशीष, मंगल, भोजराज, प्रदीप, जीतमल एवं राकेश के खिलाफ बलवा, हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर लिया गया है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया है।

मामूली विवाद में युवक पर किया छुरी से हमला

भोपाल, देशबन्धु। ऐशबाग इलाके में बच्चों के विवाद में एक युवक पर छुरी से हमला कर दिया गया। हमला करने के बाद बाद आरोपी मौके से भाग निकला। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। ऐशबाग पुलिस के अनुसार 19 वर्षीय मोहम्मद समीर जनता क्वार्टर में रहता है। मंगलवार रात वह अपने परिवार साथ घर में बैठा हुआ था, तभी पड़ोस में रहने वाला साहिल नाम का युवक घर में आया तथा बच्चों के बीच हुए विवाद को लेकर समीर के भाई नवी को गाली देने के साथ ही धक्का-मुक्की करने लगा। नवी ने उसे ऐसा करने से रोका तो साहिल ने उस पर छुरी से हमला कर दिया। नवी ने हाथ से बचाव करने कोशिश की तो छुरी उसके हाथ में लग गई और खून निकलने लगा। हमला करने के बाद साहिल चाकू लहराते हुए मौके से भाग निकला। इसके बाद परिजन नवी को लेकर इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचे तथा पुलिस को भी सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा जानलेवा हमला करने का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपीको जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

सर्द हवाओं ने बढ़ाई सिहरन, 17 शहरों में पारा 15 डिग्री से नीचे पहुंचा

भोपाल, देशबन्धु। उत्तर भारत की तरफ से आ रही सर्द हवाओं ने पूरे प्रदेश में सिहरन और बढ़ा दी है। इसी क्रम में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात प्रदेश के 17 शहरों में रात का पारा 15 डिग्री सेल्सियस से कम रहा। सबसे कम 12. 3 डिग्री सेल्सियस तापमान दतिया में दर्ज किया गया। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक अभी तीन-चार दिन तक मौसम का मिजाज इसी तरह बना रह सकता है। इस दौरान रात के तापमान में कुछ और गिरावट भी हो सकती है।

मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अशफाक हुसैन ने बताया कि पिछले दिनों उत्तर भारत के पहाड़ों पर बर्फबारी हुई थी। साथ ही मैदान क्षेत्रों में बारिश भी हुई थी। इसके बाद हवाओं का रुख उत्तरी एवं उत्तर-पूर्वी होने से पूरे मध्य प्रदेश में ठंड बढ़ने लगी है। फिलहाल हवाओं का रुख उत्तरी बना हुआ है। विशेषकर ऊपरी स्तर पर भी उत्तरी हवाएं चल रही हैं। इस वजह से दिन-रात के तापमान में गिरावट होने लगी है। अभी तीन-चार दिन तक मौसम का मिजाज इसी तरह बना रहने की संभावना है। उसके बाद एक प्रभावी पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत में सक्रिय होने के संकेत मिल रहे हैं। उसके असर हवाओं का रुख बदलने से तापमान में धीरे-धीरे कुछ बढ़ोतरी होने के भी आसार हैं।

मौसम विज्ञानियों के मुताबिक राजधानी भोपाल में मंगलवार -बुधवार की दरमियानी रात के समय कुछ बादल छा जाने से रात का तापमान 2.2 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 15 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जबकि सोमवार मंगलवार को रात का तापमान 12.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

चित्रगुप्त जयंती पर कायस्थ समाज ने की सामूहिक पूजा

मतदान का लिया संकल्प

भोपाल, देशबन्धु। कार्तिक शुक्ल यम द्वितीया पर लालघाटी नेवरी स्थित मनकामेश्वर महादेव मंदिर चित्रगुप्त धाम में बुधवार को चित्रगुप्त भगवान का पूजन किया गया।

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा (मध्य भारत) एवं जिला इकाई भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें भगवान के पूजन के साथ ही कलम दवात की भी पूजा की गई। समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने सभी को चित्रगुप्त जयंती और भाईदूज की शुभकामना एवम बधाई दी। आगामी चुनाव को देखते हुए सभी सदस्यों ने पूजन के बाद मतदान का सामूहिक संकल्प भी लिया। इस अवसर पर समाज के सदस्य सुनील श्रीवास्तव, बृजेश श्रीवास्तव, अभय प्रधान, महेन्द्र श्रीवास्तव, दिनेश श्रीवास्तव, हर्ष-सौरभ कुलश्रेष्ठ, अनिल श्रीवास्तव, नरेंद्र श्रीवास्तव, आलोक श्रीवास्तव, नीति सक्सेना, मीना-अरुण श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित हुए ।

कोटरा सुल्तानाबाद स्थित चित्रगुप्त मंदिर में यम द्वितीया का पूजन किया गया, जिसमें कायस्थ समाज के नागरिक शामिल हुए। समाज के लोगों ने चित्रगुप्त महाराज की पूजा के साथ ही कलम दवात की भी पूजा की इसके बाद हवन और आरती की गई। इस मौके पर भाजपा उम्मीदवार भगवान दास सबनानी और कांग्रेस प्रत्याशी पीसी शर्मा शामिल हुए। इस मौके पर सदस्य ओपी श्रीवास्तव, रमेश श्रीवास्तव, राजेश वर्मा, पंकज कुलश्रेष्ठ सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

विकास का साथ दो, विष्णु को विजयी बनाओ- योगी आदित्यनाथ

बैरसिया, देशबन्धु। कांग्रेस समास्या पैदा करती है। हम उसका समाधान करते है। कांग्रेस ने आतंकवाद पैदा किया हमने उसे खत्म किया। कांग्रेस ने देश को बर्बाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। कांग्रेस 65 साल में क्यों गरीबों को घर नहीं दे पाई थी, क्यों शौचालय नहीं दे पाई थी, क्यों गरीबों राशन नहीं दे पाई थी, क्योंकि कांग्रेस ने गरीब के बारे में कभी नहीं सोचा।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश को अपना परिवार मान कर गरीब के विकास की सोच रखकर काम किया है, इसलिए विकास का साथ दो, विष्णु खत्री को विजयी बनाओ। यह बात उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को भाजपा प्रत्याशी विष्णु खत्री के पक्ष में बरखेड़ी देव में सभा को संबोधित करते समय कही।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज भारत इतना मजबूत हो गया है कि कोई आंख उठा कर नहीं देख सकता है और देखेगा तो आंख उखाड़ने की क्षमता भारत ने पैदा कर ली है। भारतीय जनता पार्टी जो कहती है, वह करती है। हमने कहा था रामलला का मंदिर अयोध्या में बनाएंगे तो बनाया। कांग्रेस ने मंदिर बनाने का विरोध किया। जब हमने मंदिर बना दिया तो रामलला को मंदिर में बैठाने को लेकर कांग्रेस ने माजाक बनाया। कांग्रेस तिथि पूछ रही थी, लो अब तिथि की घोषणा भी कर देते है। 22 जनवरी 2024 को रामलला 500 साल बाद मंदिर में बैठेंगें। हमने काशी विश्वनाथ परिसर को विश्वनाथ धाम बनाया। यहां कभी 5 लोग एक साथ दर्शन नहीं कर पाते थे। आज 50 हज़ार श्रद्धालु एक साथ दर्शन कर सकते है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी सबका साथ सबका विकास की सोच रखते है। हमारी डबल इंजिन की सरकार में सड़क, स्कूल, कॉलेज, एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन बने है। हर जिले में मेडिकल कॉलेज बनाएंगे। उन्होंने कहा कि मप्र को 20 सालों में हमारे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बीमारू राज्य की श्रेणी से बाहर निकला है। लाडली बहनों को हम 1250 रुपए के साथ घर भी बनाकर देंगे। धान 31 सौ और गेहूं 27 सौरुपये प्रति क्विंटल खरीदेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के झूठे वादों में नहीं फसना है। बैरसिया से तीसरी बार विष्णु खत्री को आशीर्वाद दीजिए और पहले से अधिक मतों से विजय बनाइये।

आरजीपीवी स्टेट बैडमिंटन प्रतियोगिता

भोपाल महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों में फाइनल में

भोपाल, देशबन्धु। राजीव गांधी विश्वविद्यालय के तत्वाधान में एलएनसीटी कॉलेज द्वारा एलएनसीटी यूनिवर्सिटी बैडमिंटन कोर्ट पर आयोजित दो दिवसीय आरजीपीवी स्टेट बैडमिंटन प्रतियोगिता के पहले दिन खेले गए मुकाबलों में महिला वर्ग के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में इंदौर ने जबलपुर को 2-0 से, दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में भोपाल ने ग्वालियर को 2-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। महिला वर्ग चार्टर फाइनल मुकाबले में जबलपुर ने उज्जैन को 2-0 से, भोपाल ने सागर को 2-0 से, ग्वालियर ने रीवा को 2-0 से हरा कर अगले दौर में प्रवेश किया।

पुरुष वर्ग के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में भोपाल ने जबलपुर को 2-0 से, दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में उज्जैन ने ग्वालियर को 2-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। पुरुष वर्ग चार्टर फाइनल मुकाबले में जबलपुर ने रीवा को 2-1 से, उज्जैन ने इंदौर को जो 2-0 से, ग्वालियर ने सागर को 2-1 से हारकर अगले दौर में प्रवेश किया

आज सुबह प्रतियोगिता का उदघाटन डा श्वेता चौकसे मैनेजिंग डायरेक्टर द्वारा डा वी एस पंवार, आकाश दुबे,अनिकेत पांडे,वीरेश पाटकर, तनवंत सिंह,महेश सोधिया की उपस्थिति में किया उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया एवं शुभकामनाएं दी। प्रतियोगिता सचिव पंकज जैन ने बताया कि इस स्टेट लेवल बैडमिंटन प्रतियोगिता में आरजीपीवी विश्वविद्यालय से संबद्ध 7 नोडल के लगभग 80 खिलाड़ियों एवं कोच मैनेजर हिस्सा ले रहे हैं, जिसमें इंदौर, जबलपुर, उज्जैन, रीवा, ग्वालियर, सागर, भोपाल, के प्रतिभागी शामिल हैं।

देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 316 । भोपाल, गुरुवार 16 नवम्बर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए

3 सौ फीट गहरी खाई में गिरी बस

जम्मू कश्मीर के डोडा में बड़ा हादसा, 36 की मौत

55 यात्री थे सवार, 19 गंभीर रूप से घायल

जम्मू, देशबन्धु। डोडा में बुधवार को एक यात्री बस के खाई में गिर जाने से 36 लोगों की मौत हो गई। इस घटना में कम से कम 19 अन्य लोग घायल हो गए। जिनमें कुछ की हालत बेहद गंभीर बताई जा रही है। चार घायलों को एयरलिफ्ट किया गया है। हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। साथ ही पुलिस को भी सूचना दी। घायलों को इलाज के लिए जीएमसी डोडा ले जाया गया है। इनमें से भी कुछ की हालत गंभीर है। ऐसे में मरने वालों का आंकड़ा और भी बढ़ सकता है। अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बस संख्या जेके02सीएन–6555 की दुर्घटना में अब तक 36 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है और 19 अन्य घायल हुए हैं। यह बटोटे–किश्तवाड़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर त्रुंगल–अस्सार के पास सड़क से फिसल गई और 300 फीट नीचे गिर गई। उन्होंने आगे कहा कि फिलहाल बचाव अभियान जारी है। शवों को बरामद किया गया है। शुरुआती जानकारी में पता चला है कि यह बस 42 सीटर थी, लेकिन इसमें 55 यात्रियों को बिठाया गया था। बस रास्ते पर दौड़ते हुए दो अन्य बसों को ओवरटेक कर रही थी। तीनों बसों में आगे निकलने की होड़ मची थी। इसी बीच यह बस बेकाबू होकर खाई में गिर गई और बड़ा हादसा हो गया।

इटावा में चलती ट्रेन में आग लगी, यात्रियों ने कूदकर बचाई अपनी जान

इटावा, एजेंसी। इटावा में बुधवार को नई दिल्ली–दरभंगा एक्सप्रेस (02570) में आग लग गई। ट्रेन का एस–1 कोच पूरी तरह जल गया। चलती ट्रेन में धुआं उठता देख यात्रियों में भगदड़ मच गई। उन्होंने कूदकर अपनी जान बचाई। हादसे में 8 यात्री घायल हुए हैं, जिन्हें एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा सराय भूपत रेलवे स्टेशन के पास शाम 6 बजे हुआ। छठ पर्व के कारण बोगी में क्षमता से दोगुने यात्री सवार थे। कानपुर–दिल्ली रेल मार्ग पर ओवरहेड इलेक्ट्रिक लाइन बंद कर दी गई है। 16 ट्रेनें जहां थीं, वहीं रोक दी गई हैं। इस ट्रेन से बड़ी संख्या में लोग छठ पूजा के लिए बिहार जा रहे थे। ट्रेन के स–1 कोच में धुआं उठता देख यात्रियों में अफरातफरी मच गई। ट्रेन के धीमा होते ही यात्रियों ने कूदकर अपनी जान बचाई। कुछ ही मिनटों में पूरी ट्रेन खाली हो गई। मौके पर फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां पहुंची गई हैं। यह भी जानकारी सामने आई है कि ट्रेन सराय भूपत रेलवे स्टेशन से गुजर रही थी, तो एस–1 कोच में धुआं देखकर स्टेशन मास्टर ने ट्रेन तुरंत रोक दी।

दतिया की सभा में प्रियंका ने साधा निशाना, बोलीं–

सिंधिया ने ग्वालियर-चंबल के लोगों से विश्वासघात किया

दतिया, देशबन्धु। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने बुधवार को दतिया की चुनावी कहा, ज्योतिरादित्य सिंधिया पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा सिंधिया ने अपने परिवार की परंपरा अच्छे से निभाई है। इन्होंने ग्वालियर–चंबल के लोगों से विश्वासघात किया। आपकी चुनी हुई सरकार को गिराकर आपको धोखा दिया है। आपकी पीठ में छुरा घोंपा। प्रधानमंत्री मोदी ने दुनियाभर के कायरों और गद्दारों को इकट्ठा कर अपनी पार्टी में ले लिया।

प्रियंका ने कहा कि हमारे सिंधिया जी कद में थोड़े छोटे पड़ गए, लेकिन अहंकार में वाह भई वाह...। हम उत्तर प्रदेश में काम कर रहे थे। कार्यकर्ताओं को उन्हें महाराज–महाराज कहना पड़ता था। सिंधिया ने अपने परिवार की परंपरा अच्छे से निभाई है। आपकी चुनी हुई सरकार गिरा दी। प्रियंका ने कहा कि वोट धर्म के नहीं, काम के आधार पर दो। नहीं तो नेता अहंकारी हो जाता है। कल अगर मैंने विकास नहीं कराया, मैं वादे भूल गई तो मुझे भी सबक सिखाना। सबक सिखाना आपका दायित्व है।' उन्होंने खाद समस्या का मुद्दा उठाते हुए कहा, मध्यप्रदेश में किसानों को यूरिया देने से चुनाव आयोग ने मना कर दिया है, क्योंकि मोदी जी ने उसमें अपना फोटो चिपका दिया।

प्रियंका ने प्रधानमंत्री को भी घेरते हुए कहा कि मोदी जी का पूछिए ही मत। उनका क्या कहना। देश के पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जो परमानेंट अपनी ही पीड़ा में परेशान रहते हैं। कहते हैं कि मुझे इतनी गालियां दीं। रोते रहते हैं। जैसे 'तेरे नाम' में सलमान खान रोए। उन्होंने मुख्यमंत्री शिवराज को मंझा हुआ अभिनेता बताया। विश्व प्रसिद्ध महान अभिनेता शिवराज सिंह चौहान उर्फ मामा जी एक्टिंग में अमिताभ बच्चन के भी कान काट लें। लेकिन, काम की बात होती है, तो असरानी का रोल पकड़ लेते हैं।

जवाब में सिंधिया ने जनता से अपील, कहा–

अपमान करने वालों को सबक सिखाएं

प्रियंका गांधी द्वारा अहंकारी कहने पर केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने जवाब दिया। उन्होंने ट्वीट कर लिखा– काबिलियत को क़द से तोलने वाले अहंकार का पाठ पढ़ाने से पहले, कृपया स्वयं आईने में झांक लें। भ्रष्टाचारियों और वादाखिलाफियों के शासन को बार बार सिंधिया परिवार ने बदला है और पुनः आपका सूपड़ा साफ़ मध्यप्रदेश से जनता करने जा रही है। सिंधिया ने कहा कि अपने भाषण के दौरान ग्वालियर चंबल को ग्वालियर चंबा कहने वाली प्रियंका गांधी को मेरे परिवार पर आक्रमण करने के लिए भी एक पर्चे पर लिखी लाइनों की आवश्यकता पड़ी। उनकी सोच और ग्वालियर चंबल को लेकर समझ कितनी है, इसका अंदाज़ा भी लग गया। ग्वालियर–चंबल की मेरी जनता से अनुरोध है कि इस अपमान और निम्न स्तर के भाषण का उत्तर ज़रूर 17 नवंबर को अपना मतदान करके दें और कांग्रेस पार्टी को सबक़ सिखाएँ। सिंधिया ने कहा कि प्रियंका गांधी जी पार्ट–टाइम नेत्री हैं तो इन दो परंपराओं के फ़र्क़ को समझने की उनमें क्षमता हो, इसकी आशा मैं नहीं करता। किस परिवार के सपूतों ने अफ़ग़ानों से लेकर मुग़लों और अंग्रेजों तक से भारत माता की रक्षा हेतु अपनी जान की क़ुर्बानी दी थी, और किसने चीन से भारत की रक्षा करना तो दूर, उन्हें भारतीय ज़मीन ही भेंट के रूप में दे दी थी? किस परिवार की दूसरी पीढ़ी ने सत्ता के लोभ में इमरजेंसी लगायी थी? और आज भी किस परिवार की वर्तमान पीढ़ी स्वयं विदेशी मंचों पर जाकर देश को बदनाम कर रही है?

मोदी ने मतदाताओं से किया अनुरोध, विकसित भारत के लिए भाजपा को चुनें

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश के मतदाताओं से विकसित मध्य प्रदेश और विकसित भारत के लिए भाजपा को चुनने और कमल के चुनाव चिन्ह पर वोट करने का अनुरोध किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मध्य प्रदेश विधान सभा चुनाव के लिए इस बार का प्रचार अभियान बल्कि जनता–जनार्दन से आशीर्वाद लेने का अभियान बहुत ही खास रहा। मैं राज्य के कोने–कोने में गया, अनेकों लोगों से मिला, संवाद किया। लोगों में भाजपा के प्रति जो स्नेह है, भाजपा पर जो आस्था है, वो हमारी बहुत बड़ी पूंजी है।

राज्य की महिला शक्ति और युवाओं का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा, मध्य प्रदेश की नारीशक्ति, इस चुनाव में आगे बढ़कर भाजपा का झंडा बुलंद कर रही है। जिस तरह महिला सशक्तिकरण भाजपा की प्राथमिकता है, उसी तरह महिलाओं ने भाजपा सरकार की वापसी को अपनी प्राथमिकता बना लिया है। आज की नई पीढ़ी, भारत के अगले 25 वर्षों और अपने 25 वर्षों को एक साथ जोड़कर देख रही है। और इसलिए विकसित भारत के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने के दायित्व को निभाने के लिए हमारे नौजवान भी कंधे से कंधा मिलाकर आगे आ रहे हैं।

सभाओं में बोले शिवराज, कांग्रेस डिवाइडेड और भाजपा यूनाइटेड है

हर वर्ष 50 हजार सरकारी नौकरी, प्रत्येक परिवार को एक रोजगार मिलेगा

भोपाल, देशबन्धु। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विधानसभा चुनाव के मद्देनज़र हर दिन प्रदेश भर में घूमकर अलग–अलग विधानसभाओं में चुनाव प्रचार किया। श्री चौहान ने आदर्श आचार संहिता से लेकर अब तक लगभग 165 से भी ज्यादा विधानसभाओं में जनसभा को संबोधित किया है। इन तूफानी दौरों के अंतिम दिन बुधवार को भी शिवराज, भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में सोहागपुर, पिपरिया, घोड़ाडोंगरी, खातेगांव, आष्टा, इछावर, भोजपुर, कुरवाई, भोपाल उत्तर, नरेला और हुजुर समेत 12 विधानसभाओं में जनता–जनार्दन के बीच पहुंचे और संवाद किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने भोपाल के कोलार से प्रदेशवासियों के नाम संदेश देते हुए संबोधित किया एवं सभी भाजपा प्रत्याशियों को जिताकर भाजपा सरकार बनाने का संकल्प दिलाया।

श्री चौहान ने राहुल और प्रियंका गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि, दोनों बाई–बहन रोज झूठ बोलते हैं। इन्होंने कहा था किसानों का कर्जमाफ कर देंगे लेकिन कर्जमाफी तो दूर उल्टा किसानों को डिफाल्टर बना दिया। इन्होंने कहा था कि, बेरोजगारों को भत्ता देंगे लेकिन एक धेला नहीं दिया। इन्होंने कहा था कि, हम हम समर्थन मूल्य पर बोनस देंगे लेकिन नहीं दिया। एक भी वादा पूरा नहीं किया। प्रियंका गांधी कह रही थी कि, भगवान राम 13 साल के लिए वनवास गए थे। फिर कह रही थीं कि, पेट्रोल–डीजल पर जीएसटी लगता है। अब राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने कहा कि, मोदी जी ने भेल

बेच दिया है। इतने बड़े झूठे हैं कि, चुनाव आयोग ने इन्हें नोटिस दिया है। ये झूठ की दुकान है इनके चक्कर में मत आना। अगर कांग्रेस भूल से भी आ गई तो सब खत्म हो जाएगा।

श्री चौहान कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि, कांग्रेस डिवाइडेड है और भाजपा यूनाइटेड है। सीएम शिवराज ने कहा कि, कांग्रेस झूठ और भ्रम फैलाने वाली पार्टी है, आपस में ही कपड़े फाड़ने वाली पार्टी है। एक–दूसरे के खिलाफ ही लड़ाई लड़ते हैं, कांग्रेस में अलग–अलग गुट हैं लेकिन भाजपा यूनाइटेड है। भारतीय जनता पार्टी में अनुशासन और मान–सम्मान सबसे ऊपर हैं, हम जनता की भलाई के लिए और जनकल्याण के लिए कार्य करते हैं कांग्रेस तुष्टीकरण करके केवल वोटों की राजनीति करती है।

श्री चौहान ने कहा कि, ये मनमोहन सिंह जी का जमाना नहीं है, आज पीएम मोदी जी के नेतृत्व में हम मोबाईल एक्सपोर्ट कर रहे हैं। मैक इन इंडिया, मेड इन इंडिया का जलवा है। उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी अब तक के सारे रिकार्ड तोड़ कर अपनी सरकार बनाएगी। साथ ही उन्होंने इंडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि, इंडी गठबंधन नफरत फैला रहा है, आपस में लड़ रहे हैं, कलह मची हुई है और ये मैं नहीं, अखिलेश यादव कह रहे हैं कि, कांग्रेस घटिया पार्टी है। आपस में ही इनकी हालत ऐसी हो गई है कि रोज जूतम पैजार हो रही है। दिग्विजय सिंह के ईवीएम पर सवाल उठाने पर श्री चौहान ने पलटवार करते हुए कहा कि, दिग्विजय सिंह के पास और कुछ नहीं, वो हारने के बहाने खोजते हैं कभी ईवीएम पर आरोप लगाते हैं कभी दूसरी पार्टी पर, दिग्विजय जानते हैं कि वो हार रहे हैं।

श्री चौहान ने विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। सीएम शिवराज ने कहा कि, कांग्रेस कई झूठी अफवाह फैला रही है, कांग्रेस झूठी पार्टी है। कांग्रेस के लोग कह रहें है कि, आदिवासियों की जमीन छीन ली जाएगी। श्री चौहान ने कहा कि, तुम्हारी जमीन की तरफ कोई उंगली भी उठाकर नहीं देख सकता है, जिन्हें पट्टा नहीं मिला है उनको भी पट्टा देकर मालिक बनाएंगे, भाजपा की सरकार सबसे पहले गरीबों के लिए है। कांग्रेस ने तो आज तक धेला नहीं दिया। कांग्रेस की सरकार आयी तो सवा साल में ही सभी योजनाएं बंद कर दी। बेटियों की शादी करके पैसे ही नहीं दियें, तीर्थ यात्रा बंद कर दी, संबल योजना बन्द कर दी, बच्चों की साईकिलें बंद कर दी, लैपटॉप देना बंद कर दिये, बहनों को मैं बेटा–बेटी के जन्म के पहले 4 हजार और जन्म के बाद 12 हजार देता था वो भी बंद कर दिये। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस आ गई तो ये सभी जन–कल्याणकारी योजनाओं पर ताला लगा देंगे।

संसदीय समिति ने की सिफारिश

मिलावटी खाद्य पदार्थ बेचने वालों को 6 महीने की जेल!

नई दिल्ली, देशबन्धु। मिलावटी खाद्य पदार्थ व पेय बेचने वालों वालों को लेकर कानून और कडा हो सकता है। संसदीय समिति ने ऐसे लोगों पर न्यूनतम 6 माह की सजा और 25000 रुपए जुर्माने की सिफारिश की है।

भाजपा सांसद बृजलाल की अध्यक्षता वाली गृह मामलों की संसद की स्थायी समिति ने कहा कि मिलावटी खाद्य पदार्थों के सेवन से होने वाली गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं को देखते हुए अभी तक जो दंड के प्रावधान हैं,

न्यूनतम 25 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया जाना चाहिए

वे अपर्याप्त हैं। समिति ने सिफारिश की है कि इस तरह की सिफारिश के लिए न्यूनतम 6 माह की कैद के साथ ही न्यूनतम 25,000 रुपए का जुर्माना लगाया जाना चाहिए। हानिकारक खाद्य पदार्थ या पेय की बिक्री का जिक्र करते हुए समिति ने अपनी सिफारिश में कहा कि अपराध में बडे पैमाने पर जनता को प्रभावित करने की क्षमता है और इस अपराध के निए जो दंड का प्रावधान है,वह पर्याप्त नहीं है। अभी तक इस मामले में जो सजा का प्रावधान है उसमें 6 महीने की सजा या 1000 रुपए का जुर्माना अथवा दोनों है। समिति ने भारतीय न्याय संहिता के तहत दंडो में से एक के रूप में सामुदायिक सेवा की शुरुवात को भी स्वागत योग्य कदम बताया है। समिति ने कहाकि यह अपराधियों से निपटने के लिए बहुत ही सराहनीय प्रयास और सुधारात्मक दृष्टिकोण है

भोपाल, गुरूवार 16 नवम्बर 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

कैसे बरकरार रहे लोकतंत्र की शोभा

हमसे लड़ने की हिम्मत तो जुटा लोगे लेकिन कमीनापन कहां से लाओगे? फ़ौजियों का गोश्त कौवों को खिलायेंगे। फिल्म चाइना गेट के ये संवाद है। जिन्हें फिल्म में जगीरा का किरदार निभाने वाले अभिनेता मुकेश तिवारी ने भाजपा प्रत्याशी कैलाश विजयवर्गीय की चुनावी सभा में सुनाया। इस पर सभा में उपस्थित लोगों ने तो तालियां बजाई ही, खुद भाजपा प्रत्याशी भी इस पर ताली बजाते दिखे। फिल्म में जिस पृष्ठभूमि में ये संवाद बोले गए, वो अलग बात है, मगर चुनाव प्रचार में इन संवादों के बोले जाने पर सियासी बखेड़ा खड़ा हो गया है। कांग्रेस ने इन संवादों पर सवाल उठाए और कहा कि इन गुणों की हमें जरूरत नहीं, ये भाजपा को ही मुबारक। तो भाजपा ने पलटवार कर दिया कि अब कांग्रेस फिल्मी संवाद में भी राजनीति तलाश रही है। भाजपा और कांग्रेस के तर्कों में कौन सही है और कौन गलत, ये तय करने का काम चुनाव आयोग का है, बशर्ते ये मामला आयोग तक पहुंचे। इतना जरूर है कि अगर किसी और मंच या मौके पर इन संवादों पर कोई आपत्ति नहीं करता। मगर चुनाव के दौरान खास तौर पर ये कहना कि हमसे लड़ने की हिम्मत तो जुटा लोगे, लेकिन कमीनापन कहां से लाओगे, निश्चित ही अशोभनीय लग रहा है।

चुनाव प्रचार में लोकतंत्र की शोभा बनी रहे, यह जिम्मेदारी चुनाव आयोग की है। कड़वी सच्चाई है कि सत्ता हासिल करने के लिए शातिर चालें चली जाएंगी, हथकंडे अपनाए जाएंगे, वोट हासिल करने के लिए साम-दाम-दंड-भेद सभी तरीकों का इस्तेमाल भी होगा। अगर ये मान लिया जाए कि सभी उम्मीदवार नैतिकता की मिसालें कायम करते हुए पूरी ईमानदारी से चुनाव लड़ेंगे तो यह खुद को धोखा देने वाली बात है। हकीकत यही है कि चुनाव में जहां मौका मिलेगा, वहां बेईमानी होगी, चाहे वो किसी भी तरह की हो। इसलिए देश में निर्वाचन आयोग की व्यवस्था की गई है, उसे हर तरह के राजनैतिक दबाव से मुक्त रखा गया है, ताकि निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव हो सकें। चुनाव में होने वाली बेईमानियों पर अंकुश लग सके। अफसोस है कि निर्वाचन आयोग से लोकतांत्रिक देश के नागरिकों को जो उम्मीदें थीं, वो उन पर खरा नहीं उतर पा रहा है। देश की जांच एजेंसियों से भी ऐसी ही निराशा हाथ लगी है। ऐसा लग रहा है मानो इन सबकी डोर एक ही जगह बंधी है और वहीं से सारे खेल खेले जा रहे हैं। इन डोरियों से बंधी संस्थाओं में कब किसको किस मौके पर उठाना है, कितना आगे बढ़ाना है, कितना पीछे खींचना है, ये सब कोई और ही तय कर रहा है। जनता को केवल मंच पर होने वाली हलचल दिख रही है, उसके पीछे क्या चल रहा है, इसका अहसास ही नहीं हो रहा।

जिस मध्यप्रदेश में कमीनापन जैसे निम्नस्तरीय शब्द को चुनावी मंच से कहा गया, उसी मध्यप्रदेश में भाजपा प्रत्याशी और केन्द्रीय कृषि मंत्री नरेन्द सिंह तोमर के सुपुत्र देवेंद्र सिंह तोमर से जुड़े कुछ वीडियो पिछले दिनों वायरल हुए। सत्ता के खेल में सीडी, वायरल वीडियो, फोन टैपिंग जैसे हथियारों का इस्तेमाल अब नयी बात नहीं रह गई है। राजनैतिक दल अक्सर चुनाव के वक्त इन्हें एक-दूसरे के खिलाफ इस्तेमाल करते हैं। श्री तोमर के बेटे के जो वीडियो सामने आए हैं, उनमें शुरुआती दो वीडियो में पहले सौ और फिर पांच सौ करोड़ के लेन-देन की बात की गई है और इसके बाद एक तीसरा वीडियो भी आया, जिसमें एक शख्स ने दावा किया कि पहले दो वीडियो में उसी से देवेंद्र तोमर की बातचीत हो रही थी। उसने बताया कि मामला सौ-पांच सौ नहीं, दस हजार करोड़ का है। इसके अलावा विदेश में गांजे की खेती की बात भी इस शख्स ने की। तोमर परिवार के सदस्यों के साथ व्हाट्स ऐप संदेशों के आदान-प्रदान से लेकर उनके आवास पर पार्सल भिजवाने जैसे कई खुलासे इस शख्स ने किए और साफ-साफ कहा कि कोई मीडिया संस्थान उनसे संपर्क करेगा तो वो सारे सबूत दे देंगे।

न खाऊंगा, न खाने दूंगा। सारे भ्रष्टाचारियों का हिसाब लूंगा। ऐसे दावे करने वाले नरेन्द्र मोदी के लिए ये एक प्रकरण काफी था कि वे तुरंत हरकत में आते और अपनी केबिनेट के एक वरिष्ठ मंत्री का नाम इस मामले में सामने आने पर उनसे इस्तीफा लेकर नैतिकता के उच्च मापदंड का परिचय देते। देश की ईडी और सीबीआई जैसी जांच एजेंसियां जो जरा सी भनक के आधार पर विपक्षी नेताओं के ठिकाने पर बड़े पैमाने पर छापेमारी कर उनसे घंटों पूछताछ के उदाहरण पेश कर चुकी है, वो जांच एजेंसियां न जाने क्यों अब तक मध्यप्रदेश नहीं जा पाई हैं। जबकि उससे लगे छत्तीसगढ़ और राजस्थान में ईडी, सीबीआई का आना-जाना लगा रहता है। चुनाव आयोग के कान भी इस वीडियो को देखकर खड़े हो जाने चाहिए थे, क्योंकि स्वतंत्र चुनाव तभी संभव है, जब उसमें बेनामी पैसे या काले धन का इस्तेमाल नहीं हो। अगर बात दस हजार करोड़ की है, तो क्या आयोग ये सोचकर निश्चिंत बैठा रह सकता है कि इस रकम से एक धेला भी चुनाव में इस्तेमाल नहीं हो रहा होगा। और फिल्म दुनिया के लोगों के जूतों में ड्रग्स को सूंघ कर कार्रवाई करने वाले नारकोटिक्स विभाग को क्या इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ रहा कि देश में बैठा कोई शख्स विदेश में जमीन लेकर गांजे की खेती की योजना बना रहा है। आखिर ये गांजा उगाकर किस बाजार में बेचने की तैयारी हो रही है।

इन वीडियो के सामने आने के बाद देश में ऊपर से नीचे तक हड़कंप मच जाना चाहिए था। असल में ये वीडियो लोकतंत्र की नींव पर रखे टाइम बम के समान हैं, जो फटेंगे तो सब कुछ चिथड़ा-चिथड़ा हो जाएगा। मगर सरकार और जिम्मेदार एजेंसिया जिस तरह इससे बेपरवाह नजर आ रही हैं, उनसे और अधिक चिंता हो रही है। नरेन्द्र सिंह तोमर इन वीडियो को झूठा बताकर जांच की मांग कर रहे हैं। जबकि केंद्र और राज्य दोनों जगह भाजपा की ही सरकारें हैं, तो उनके लिए और आसान है कि वे जांच के आदेश दें। देश भी तो यही चाह रहा है कि इन वीडियो का सच सामने आए। लड़ने के लिए कमीनापन नहीं. सही मायनों में हिम्मत की जरूरी होती है। क्या मोदी सरकार ये हिम्मत दिखाएगी।

प्रधानमंत्री का (अ) लोकतांत्रिक चरित्र

दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में लोकतांत्रिक तरीके से चुने गए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मूल चरित्र कितना लोकतांत्रिक है, या लोकतंत्र के लिए उनके मन में कितना सम्मान है, ये सवाल पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के बीच फिर उठ खड़ा हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी अनेक मौकों पर भारत को लोकतंत्र की जननी बता चुके हैं। इस तरह के रूपक सुनने में बहुत अच्छे लगते हैं, इनसे गर्व का बोध होता है कि हम कितने महान देश में रहते हैं, कि भारत ने दुनिया को लोकतंत्र का पाठ पढ़ाया, कि यहां की गंगा-जमुनी संस्कृति इंसानियत के लिए मिसाल है। इकबाल ने लिखा भी है- कुछ बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी। जब उन्होंने हिंदुस्तान की इस खासियत का जिक्र किया था, तब बेशक भारत आजाद और लोकतांत्रिक देश नहीं बना था, लेकिन फिर भी उसकी बुनियाद में लोकतंत्र के गुण शामिल थे, जैसे विरोधियों का आदर करना, विचारों में मतभेद के बावजूद स्वस्थ मानसिकता के साथ तर्क करना और सबको साथ लेकर चलना। इन्हीं गुणों के कारण तरह-तरह के झंझावात सहने के बावजूद भारत विश्व के मानचित्र में डटा रहा, बना रहा, जबकि कई महान सभ्यताएं समय के थपेड़ों को सह नहीं पाई और मिट गई। लोकतंत्र की जिस जननी का वास्ता मोदीजी दिया करते हैं, वह तो एक अमूर्त कल्पना है। असल में यहां के लोग ही हैं, जो लोकतंत्र को बनाए रखने का काम करते हैं। इन्हीं लोगों में से निकले थे हमारे स्वाधीनता सेनानी और आजाद भारत के निर्मातागण, जिन्होंने भारत को वो लोकतांत्रिक रूप दिया, जिसका गुणगान आज श्री मोदी पूरी दुनिया में करते हैं और जिसकी वजह से भारत को इज्जत मिलती है। भारत के लिए जो सम्मान हमारे पुरखों ने कमाया, क्या उसे मौजूदा नेतृत्व संभाल कर रख पा रहा है। क्या अपने विरोधियों के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल, उनका अपमान लोकतांत्रिक कहला सकता है। इन सवालों का जवाब भारत की जनता को खुद ही तलाश करना होगा, क्योंकि सवाल उसकी अपनी हस्ती, अपनी पहचान का है।

कुछेक घटनाओं, प्रसंगों का विश्लेषण कर इन सवालों के जवाब तलाशने में मदद मिल सकती है। 14 नवंबर को देश के पहले प्रधानमंत्री पं.जवाहरलाल नेहरू की जयंती थी। नेहरूजी महज आजाद भारत के पहले प्रधानमंत्री नहीं थे, वे औपनिवेशिक दासता की चंगुल की छूट रही दुनिया में उम्मीद की एक किरण भी थे। गांधीजी ने उन्हें हिंद का जवाहर कहा, जो दुनिया के किसी भी सम्मान या उपाधि ये बड़ी उपलब्धि है। स्वतंत्र भारत को आत्मनिर्भर बना कर विकास की राह पर कदम-कदम बढ़ाने का काम नेहरूजी ने किया, और उनकी दूरदर्शिता के लिए भारत हमेशा उनका आभारी रहेगा। लेकिन यह देखकर अफसोस हुआ कि नेहरूजी की जयंती पर उन्हें याद करने का काम मुख्य तौर पर कांग्रेस ने ही किया, गोया नेहरूजी केवल कांग्रेस नेता और कांग्रेस के ही प्रधानमंत्री थे। कुछेक बुद्धजीवियों, लेखकों ने भी पं.नेहरू को याद किया। और हमारे प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर औपचारिकता निभाते हुए लिखा- 'हमारे प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू जी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि।' यानी मोदीजी की निगाह में पं. नेहरू पहले प्रधानमंत्री से अधिक कुछ नहीं थे। वैसे श्री मोदी से उम्मीद भी नहीं थी कि वे नेहरूजी की शान में कसीदे गढ़ेंगे, मगर जिस इंसान की नेतृत्व क्षमता और राजनैतिक विचारों की दुनिया कायल थी, उसके लिए केवल एक पंक्ति में औपचारिक श्रद्धांजलि देकर प्रधानमंत्री मोदी ने खुद साबित कर दिया कि वैचारिक मतभेद को वे राजनैतिक शिष्टाचार से ज्यादा तरजीह देते हैं। 14 नवंबर को ही नरेन्द्र मोदी ने मध्यप्रदेश की चुनावी सभा में इशारों-इशारों में राहुल गांधी के लिए अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। जिससे फिर उनके अलोकतांत्रिक व्यवहार की झलक देखने मिली।

बैतूल में 14 नवंबर को एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कल कांग्रेस के एक 'महाज्ञानी' कह रहे थे कि भारत में सब लोगों के पास मेड इन चाइना मोबाइल फोन होता है। अरे मूर्खों के सरदार, किस दुनिया में रहते हो। कांग्रेस के नेताओं को अपने देश की उपलब्धियां न देखने की मानसिक बीमारी हो गई है। जबकि, सच्चाई ये है कि आज भारत दुनिया में मोबाइल फोन का दूसरा सबसे बड़ा निर्माता है। गौरतलब है कि राहुल गांधी ने मध्यप्रदेश में कहा था कि आपके मोबाइल के पीछे मेड इन चाइना लिखा होता है, हम उसे मेक इन मध्यप्रदेश बनाना चाहते हैं। श्री गांधी युवाओं की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी को दूर करने के बारे में बात कर रहे थे। जिसका मोदीजी ने इतना बुरा माना कि राहुल गांधी को मूर्खों का सरदार कह दिया। उनके बाद असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वासरमा ने भी उनके सुर में सुर मिलाया। मोदीजी ने भारत की उपलब्धियां न देख पाने का संबंध मानसिक बीमारी से जोड़ दिया। जिस देश में हर सातवां इंसान किसी न किसी मानसिक बीमारी से ग्रसित है, जहां हर रोज औसतन 7 सौ लोग मानसिक बीमारी के कारण आत्महत्या करते हैं, जहां सरकारी नीतियों से उपजी रोजमर्रा की दिक्कतों के कारण मानसिक रोगियों की संख्या बढ़ती जा रही है, उस देश में चुनावी फायदे के लिए मानसिक बीमारी का इतने हल्के स्तर पर जिक्र करना क्या प्रधानमंत्री पद पर बैठे इंसान को शोभा देता है, ये सोचने वाली बात है। श्री मोदी चाहते तो इस बात का सीधा जवाब देते कि राहुल गांधी गलत कह रहे हैं और आंकड़े बता देते कि देश में कितने फोन मेड इन चाइना हैं, और कितने मेड इन इंडिया हैं। तर्कों के साथ वाद-विवाद इसी को कहते हैं। मगर प्रधानमंत्री मोदी का इरादा राहुल गांधी का अपमान कर, उनकी छवि खराब करने का था, जिससे उन्हें चुनावी लाभ मिल सके। अब क्या इस व्यवहार को लोकतांत्रिक कहा जा सकता है। चुनावों में तो अक्सर सत्तारुढ़ दल पर विपक्षी हमला करते हैं, और बताते हैं कि मौजूदा सरकार की कमियां क्या रहीं। जनता अगर स्वीकार करती है कि सरकार में कमी है, तो अगली बार वो किसी और को मौका देती है, अगर मानती है कि कमी नहीं है, तो फिर उसी सरकार को मौका मिलता है। नरेन्द्र मोदी खुद गुजरात में तीन बार और केंद सरकार में दो बार ये मौका प्राप्त कर चुके हैं। फिर भी वे लोकतंत्र का अपमान कर रहे हैं। श्री मोदी की ये शिकायत बेमानी है कि कांग्रेस के लोगों को देश की उपलब्धियां नहीं दिखतीं। दरअसल वे चाहते ही नहीं है कि विपक्ष उनके शासन में किसी तरह की कमियां निकाले। बल्कि वे तो विपक्ष मुक्त और कांग्रेस मुक्त भारत ही चाहते थे। अभी कुछ समय से कांग्रेस मुक्त वाला नारा शांत किया गया है, क्योंकि भाजपा को समझ आ गया कि ऐसे नारे देश की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी, देश की जनता का भी मूल चरित्र लोकतांत्रिक ही है। इसलिए उसने 10 सालों के कांग्रेस के शासन के बाद 10 साल का मौका भाजपा को दिया है। अगर इस दौरान देश में उपलब्धियां हासिल हुई हैं, तो वे जनता को अपने आप नजर आ जाएंगी। और अगर नहीं हुई हैं, तो वह भी जनता को दिख जाएगा। अगर जनता ये कहेगी कि देश में महंगाई है, नौकरियां नहीं हैं, लड़कियां सुरक्षित नहीं हैं, हाशिए के वर्गों का अपमान हो रहा है, तो क्या प्रधानमंत्री मोदी जनता को भी मानसिक बीमार कह देंगे।

सवाल ये भी है कि क्या हकीकत से मुंह चुरा कर लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत किया जा सकता है। मणिपुर पर प्रधानमंत्री की चुप्पी, नरेन्द्र सिंह तोमर के बेटे के वीडियो प्रकरण पर खामोशी, रमेश बिधूड़ी मामले में कुछ न बोलना, ऐसे कई उदाहरण हैं, जिनसे पता चलता है कि प्रधानमंत्री मोदी उन मसलों पर बिल्कुल चुप हो जाते हैं, जिनकी वजह से उन्हें राजनैतिक या चुनावी असुविधा हो सकती है। इसे ही मुंह चुराना कहते हैं। लोकतंत्र की जननी का सम्मान क्या ऐसी मौकापरस्त चुप्पी या फिर बड़बोलेपन से हो सकता है, ये भी विचारणीय है।

लोकतंत्र की जिस जननी का वास्ता मोदीजी दिया करते हैं, वह तो एक अमूर्त कल्पना है। असल में यहां के लोग ही हैं, जो लोकतंत्र को बनाए रखने का काम करते हैं। इन्हीं लोगों में से निकले थे हमारे स्वाधीनता सेनानी और आजाद भारत के निर्मातागण, जिन्होंने भारत को वो लोकतांत्रिक रूप दिया, जिसका गुणगान आज श्री मोदी पूरी दुनिया में करते हैं और जिसकी वजह से भारत को इज्जत मिलती है।

अमेरिकी और पश्चिमी राजनयिक बांग्लादेश में खुलकर कर रहे हैं विपक्ष का समर्थन

■ आशीष विश्वास

पिछले कुछ वर्षों के दौरान बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था में लगातार गिरावट ने अमेरिका के साथ उसके असहज संबंधों में वर्तमान तनाव को बढ़ा दिया है। इसने सत्तारूढ़ अवामीलीग (एएल) की स्थिति को राजनीतिक रूप से और अधिक कमजोर कर दिया है ऐसे समय जब यह 2024 के संसदीय चुनावों के लिए अपना चुनाव पूर्व अभियान चला रही है।

बांग्लादेशी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर उत्साही बहसों की वर्तमान बयानबाजी और विशेषज्ञों द्वारा लिखे गये लेखों के स्वर से यह आम तौर पर स्वीकार किया जाता है कि अमेरिका के नेतृत्व वाले पश्चिमी देशों का गुट नि:संकोच अवामीलीग विरोधी विपक्षी अभियान का समर्थन कर रहा है। हाल के महीनों में पश्चिमी राजनयिकों/नेताओं की बांग्लादेश की बार-बार यात्राएं, आमतौर पर एएल सरकार से स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए अधिक 'पारदर्शी' उपाय अपनाने का आग्रह करना, एएल-संचालित प्रशासन के बारे में उनके बमुश्किल छिपे हुए अविश्वास का एक संकेत है।

गौरतलब है कि बांग्लादेश में हाल ही में लिए गए प्रशासनिक निर्णयों की तथाकथित 'उदारवादी' पश्चिमी आलोचना का जोर उन मुद्दों पर भी केंद्रित है जो स्पष्ट रूप से राजनीतिक नहीं हैं। उदाहरण के लिए कपड़ा उद्योग के श्रमिकों द्वारा उठाई गई वेतनवृद्धि की मांगों से जिस तरह से आधिकारिक तौर पर निपटा जा रहा है और बांग्लादेश की सरकार नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री डॉ मोहम्मद यूनुस की आर्थिक परियोजनाओं और नीतियों के खिलाफ जिस ढंग से मुखालफत कर रही है।

इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि सत्ताधारी एएल नेताओं/मंत्रियों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्हें लगता है कि ऐसे कदम बांग्लादेश की घरेलू राजनीति/शासन में सीधे हस्तक्षेप से कम नहीं हैं। बांग्लादेश सरकार ने सेवारत राजनयिकों को चेतावनी देना आवश्यक समझा है कि ऐसी गतिविधियों को प्रायोजित करना/भाग लेना आवश्यक रूप से समय-सम्मानित राजनयिक व्यवहार का हिस्सा नहीं है।

कोई आश्चर्य नहीं कि कुछ पर्यवेक्षकों को लगता है कि वर्तमान में, जब मुट्ठी भर बांग्लादेशी अधिकारियों को पहले से ही अमेरिका द्वारा लगाये गये प्रतिबंधों के तहत रखा गया है, तो ऐसा लगता है कि सत्तारूढ़ एएल जो कुछ भी करता है उसे मुख्यधारा के पश्चिमी उदारवादी प्रेस द्वारा सकारात्मक दृष्टि से नहीं देखा जायेगा। पश्चिम में आम सहमति यह है कि आगामी चुनावों के बारे में ढाका में दी गई आधिकारिक घोषणाओं और आश्वासनों के बावजूद, विपक्षी कथा को पूरी तरह से स्वीकार किया जाना चाहिए।

बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के नेतृत्व वाले विपक्ष द्वारा भेजा गया व्यापक राजनीतिक संदेश यह है कि एएल ने अपनी अच्छी तरह से प्रचारित चुनाव 'जीत' सुनिश्चित करने के लिए अपने अभियान में व्यापक धमकी/हिंसा का सहारा लेकर हमेशा चुनावों में धांधली की है। विडंबना यह है कि ठीक इसी तरह के आरोप बीएनपी के खिलाफ उसकी पिछली चुनावी जीत के दौरान भी लगाये गये थे।

मोटे तौर पर, 'भ्रष्ट' एएल पर चुनावों में धांधली करने और हिंसा द्वारा अपने विरोधियों को हाशिए पर रखने का आरोप है। जहां तक बीएनपी का सवाल है, उस पर भ्रष्टाचार और अवसरवाद की उच्च खुराक के साथ-साथ उसके पाकिस्तान समर्थक आक्रामक इस्लामवादी दृष्टिकोण के लिए हमला किया जाता है।

ढाका में राजनयिक प्रतिष्ठान इस स्थिति में तेजी से विभाजित है: लगभग अनुमान के मुताबिक, जबकि अमेरिका और यूरोपीय संघ के देश एएल के आलोचक बन गए हैं, बांग्लादेश के प्रमुख क्षेत्रीय/निकटवर्ती पड़ोसी जैसे चीन, रूस और भारत सत्तारूढ़ एएल सरकार के कहीं अधिक समर्थक हैं। रूस और चीन ने बांग्लादेश के आंतरिक मामलों में अमेरिका और उसके सहयोगियों द्वारा अपनाये गये खुले हस्तक्षेप और दबाव की रणनीति की कड़ी निंदा की है।

इसके ठीक विपरीत, बांग्लादेश के घरेलू राजनीतिक विकास में अपनी भागीदारी के अलावा, रूस, चीन और भारत ने पिछले कुछ वर्षों में देश को एक मजबूत अर्थव्यवस्था बनने में मदद की है। पश्चिम के विपरीत इन देशों ने छोटी और लंबी अवधि की परियोजनाओं के माध्यम से बांग्लादेश को वित्तीय और तकनीकी रूप से मदद की है- लेकिन बिना शर्त के!

फिर भी, बांग्लादेशी विदेशी मुद्रा भंडार वर्तमान में केवल .19अरब रह गया है - अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के अनुमान के अनुसार .16.5अरब। सत्तारूढ़ एएल को सफलता का सबसे मजबूत दावा का लाभ मिल रहा था, जो महत्वपूर्ण चुनाव पूर्व महीनों में धीरे-धीरे ढह रहा है। एएल के कार्यकाल के दौरान बांग्लादेश में हाल ही में देखी गई आर्थिक प्रगति, जिसमें प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि के मामले में बांग्लादेश ने भारत को पीछे छोड़ दिया, को स्वाभाविक रूप से इसके नेताओं द्वारा उपलब्धि के एक उच्च बिंदु के रूप में उजागर किया गया।

अब अचानक ऐसे दावों को लेकर परेशान करने वाले सवाल उठने लगे हैं। यह सामान्य ज्ञान है कि कोविड महामारी और यूक्रेन युद्ध के बाद बांग्लादेश में आर्थिक गिरावट के अचानक संकेत आ रहे हैं जो बांग्लादेश के नियंत्रण से परे हैं। मजबूत अमेरिकी डॉलर की तुलना में राष्ट्रीय मुद्रा टका में गिरावट आई है (आधिकारिक तौर पर 1 डॉलर 110.5 टका के बराबर है लेकिन अनौपचारिक रूप से यह दर 120 से अधिक है, जो प्रेषण आय क्षेत्र में अवैध हुंडी लेनदेन को प्रोत्साहित करती है, जिससे आधिकारिक राजस्व संग्रह प्रभावित होता है)।

ढाका स्थित नीति-निर्माता भी वर्तमान निर्यात प्रवृत्तियों को लेकर चिंतित हैं। हाल के महीनों में अमेरिका को परिधान निर्यात में भारी गिरावट आई है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निर्यात के अपने आधार का विस्तार करने के अपने सभी प्रयासों के बावजूद बांग्लादेश सरकार उतनी सफल नहीं हो पाई है। 90 प्रतिशत से अधिक निर्यात आय अभी भी कपड़ा क्षेत्र से आती है। ऐसी कमाई का लगभग 95 प्रतिशत अमेरिका और यूरोपीय संघ के देशों से आता है। जब भी अमेरिका में बांग्लादेश की कपड़ा उत्पादक इकाइयों में महिलाओं के शोषण और बाल श्रम के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है, तो इसका प्रभाव पूरे देश की अर्थव्यवस्था पर गंभीर रूप से महसूस किया गया है।

स्पष्ट रूप से, जबकि कोई भी आम चुनाव से पहले बांग्लादेश में व्याप्त स्थिति में कई अंतर्निहित राजनीतिक/आर्थिक मजबूरियों पर सार्वजनिक रूप से टिप्पणी नहीं करता है, सत्ता के भीतर और बाहर नीति नियोजकों को पश्चिम के मुकाबले कूटनीति के अभ्यास में सावधानी से चलना होगा।

बांग्लादेशी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर उत्साही बहसों की वर्तमान बयानबाजी और विशेषज्ञों द्वारा लिखे गये लेखों के स्वर से यह आम तौर पर स्वीकार किया जाता है कि अमेरिका के नेतृत्व वाले पश्चिमी देशों का गुट नि:संकोच अवामीलीग विरोधी विपक्षी अभियान का समर्थन कर रहा है।

पावन प्रसंग

संस्कारों का महत्व

संस्कार का अभिप्राय उन धार्मिक कृत्यों से है, जो किसी व्यक्ति को अपने समुदाय का पूर्ण रूप से योग्य सदस्य बनाने के उद्देश्य से उसके शरीर, मन और मस्तिष्क को पवित्र करने के लिए किए जाते थे, किंतु हिन्दू संस्कारों का उद्देश्य व्यक्ति में अभीष्ट गुणों को जन्म देना भी था।

संस्कार शब्द का अर्थ है परिशोधन अथवा शुद्धिकरण। जीवात्मा जब एक शरीर को त्यागकर दूसरे शरीर में जन्म लेती है तो उसके पूर्वजन्म के प्रभाव उसके साथ जाते हैं। इन प्रभावों का वाहक सूक्ष्मशरीर से दूसरे स्थूलशरीर में जाता है। इन प्रभावों में कुछ बुरे होते हैं और कुछ भले। बच्चा भले और बुरे प्रभावों को लेकर नए जीवन में प्रवेश करता है। संस्कारों का उद्देश्य है कि पूर्वजन्म के बुरे प्रभावों की उन्नति हो। संस्कारों के दो रूप होते हैं। एक आंतरिक रूप और दूसरा बाह्य रूप। बाह्य रूप का नाम रीति-रिवाज है। यह आंतरिक रूप की रक्षा करता है।

हमारे जीवन में प्रवेश करने का मुख्य प्रयोजन यह है कि पूर्वजन्म में जिस अवस्था तक हम आत्मिक उन्नति कर चुके हैं, इस जन्म में उससे अधिक उन्नति करें। आंतरिक रूप हमारी जीवनचर्या है। यह कुछ नियमों पर आधारित हो, तभी मनुष्य आत्मिक उन्नति कर सकता है। ऋग्वेद में संस्कारों का उल्लेख नहीं है, किंतु इस ग्रंथ के कुछ सूक्तों में विवाह, गर्भाधान और अंत्येष्टि से संबंधित कुछ धार्मिक कृत्यों का वर्णन मिलता है।

यजुर्वेद में केवल श्रोत यज्ञों का उल्लेख है, इसलिए इस ग्रंथ के संस्कारों की विशेष जानकारी नहीं मिलती। अथर्ववेद में विवाह, अंत्येष्टि और गर्भाधान संस्कारों का पहले से अधिक विस्तृत वर्णन मिलता है। इस प्रकार गृह्यसूज्ञों से पूर्व हमें संस्कारों के पूरे नियम नहीं मिलते। ऐसा प्रतीत होता है कि गृह्यसूज्ञों से पूर्व पारंपरिक प्रथाओं के आधार पर ही संस्कार होते थे। संयम पहले गृह्यसूज्ञों में ही संस्कारों की पूरी पद्धति का मिलता है। गृह्यसूत्रों में संस्कारों के वर्णन में सबसे पहले विवाह संस्कार का उल्लेख है। इसके बाद पुंसवन, सीमंतोन्नयन, जातकर्म, नामकरण, निष्क्रमण, अन्न-प्राशन, जूड़ाकर्म, उपनयन और समावर्तन संस्कारों का वर्णन किया गया है। अधिकतर गृह्यसूत्रों में अंत्येष्टि संस्कार का वर्णन नहीं मिलता, क्योंकि ऐसा करना अशुभ समझा जाता था। स्मृतियों के आचार-प्रकरणों में संस्कारों का उल्लेख है और तत्संबंधी नियम दिए गए हैं। इनमें उपनयन और विवाह संस्कारों का वर्णन विस्तार के साथ दिया गया है, क्योंकि उपनयन संस्कार द्वारा व्यक्ति ब्रह्मचर्य आश्रम में और विवाह संस्कार द्वारा गृहस्थ आश्रम में प्रवेश करता था।

संस्कार का अभिप्राय उन धार्मिक कृत्यों से था, जो किसी व्यक्ति को अपने समुदाय का पूर्ण रूप से योग्य सदस्य बनाने के उद्देश्य से उसके शरीर, मन और मस्तिष्क को पवित्र करने के लिए किए जाते थे, किंतु हिंदू संस्कारों का उद्देश्य व्यक्ति में अभीष्ट गुणों की प्रवृत्ति को डन्म देना था।

युग निर्माण योजना

आपके पत्र

रीति रिवाज के नाम पर किशोरियों के अधिकारों का हनन

दुनिया की प्राचीन सभ्यताओं में एक भारत की सभ्यता भी है। हड़प्पा और मोहनजोदड़ो की सभ्यता से पता चलता है कि भारतीय उप महाद्वीप हज़ारों साल पहले न केवल आर्थिक और वैज्ञानिक रूप से विकसित था बल्कि सामाजिक और वैचारिक रूप से भी बहुत समृद्ध था। जाहिर है ऐसे विकसित समाज में सभी को बराबरी का अधिकार रहा होगा। जहां पुरुषों की तरह महिलाओं को भी समान अधिकार प्राप्त रहे होंगे। जहां महिलाओं को पैरों की जूती नहीं समझा जाता होगा बल्कि उन्हें भी सम्मान प्राप्त रहा होगा। उन्हें सभ्यता और संस्कृति के नाम पर घर की चारदीवारियों में कैद करके नहीं रखा जाता रहा होगा।

अब लौटते हैं वर्तमान दौर में। यह वह दौर है जो आर्थिक और वैज्ञानिक रूप से उस सभ्यता से कहीं अधिक विकसित है। आज भारत दुनिया की न केवल विकसित अर्थव्यवस्था वाला देश बन रहा है बल्कि इसके वैज्ञानिकों ने पहले ही प्रयास में चांद के उस हिस्से पर कदम रख कर इतिहास रच दिया है जहां अमेरिका और रूस के वैज्ञानिक भी कई बार प्रयास करके असफल हो चुके थे। आसमान में अगर इसने मंगल और सूरज तक अपने झंडे गाड़ दिए हैं तो धरती पर यह इतनी तेज़ी से मज़बूत अर्थव्यवस्था वाला देश बन गया है कि आज दुनिया के सभी बड़े निवेशक भारत में निवेश करने के लिए सपने बुनने लगे हैं। यह भारत की मज़बूत छवि का असर है कि अब उसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य बनाने की मांग ज़ोर पकड़ने लगी है। ज़ाहिर है दुनिया भर में भारत की इस मज़बूत छवि को बनाने में महिलाओं का भी बराबर का योगदान है। राष्ट्रपति और वैज्ञानिक क्षेत्र से लेकर शिक्षिका तथा स्वयं सहायता समूह की सदस्य के रूप में महिलाओं ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया है और आज तक देती आ रही हैं।

लेकिन इसी भारत की एक दूसरी छवि भी है जो उसके ग्रामीण क्षेत्रों में नज़र आता है। जो न केवल आर्थिक रूप से पिछड़ा हुआ है बल्कि सामाजिक और वैचारिक रूप से भी संकुचित नज़र आता है। जहां महिलाओं के आगे बढ़ने से समाज को ताना बाना टूटने का खतरा नज़र आने लगता है। जहां महिलाओं का माहवारी के दिनों में घर में रहना और किचन में जाना तक बुरा समझा जाता है। जहां उसे अपनी ज़िंदगी का फैसला लेने और उसके उच्च शिक्षा ग्रहण करने से समाज के बिगड़ जाने का खतरा उत्पन्न होने लगता है। जी हां, मैं यह हड़प्पा या मोहनजोदड़ो सभ्यता की नहीं बल्कि 21वीं सदी के ग्रामीण भारत की बात कर रही हूं। जहां घर से लेकर बाहर तक किशोरियों और महिलाओं को परंपरा, संस्कृति और रीति रिवाजों की बेड़ियों में जकड़ कर रखा जाता है। जिसे अपनी मर्ज़ी से कपड़े पहनने और घूमने तक की आज़ादी नहीं मिलती है।

ऐसा ही एक ग्रामीण क्षेत्र पहाड़ी राज्य उत्तराखंड का गनीगांव है। वहीं ग्राम प्रधान हेमा देवी कहती हैं कि भले ही पहले की तुलना में अब गनीगांव के लोग अधिक शिक्षित हो गए हैं लेकिन उनकी सोच अभी भी वही पुरानी वाली है। दरअसल समाज शिक्षित ज़रूर हुआ है लेकिन जागरूक नहीं हुआ है। नई पीढ़ी की किशोरियां पढ़ने लगी हैं लेकिन वह भी इस प्रकार की मानसिकता के विरुद्ध ज़ोरदार आवाज़ नहीं उठा पाती हैं। हालांकि समाज इसे मान्यता और परंपरा की दलील देता है। लेकिन उसकी यह दलील किसी भी प्रकार से ठोस और प्रामाणिक नहीं होती है।

याद रहे कि गनीगांव में 85 प्रतिशत साक्षरता दर रिकॉर्ड की गई है। बालिका शिक्षा के मामले में भी इस गांव में पहले की अपेक्षा काफी सुधार आया है। अब लड़कियों की शादी 12वीं पास करने के बाद ही की जाती है। इसका अर्थ यह है कि इस गांव की नई पीढ़ी विशेषकर किशोरियां शिक्षित हो रही हैं। लेकिन इसके बावजूद माहवारी के समय उनके साथ अत्याचार होना, इस बात को दर्शाता है कि पढ़े लिखे समाज पर संकीर्ण सोच वाले आज भी हावी हैं। यहां आज भी रस्मों के नाम पर किशोरियों के अधिकारों का हनन होता है। ऐसे में ज़रूरत है कि यहां शिक्षा के साथ साथ जागरूकता की मुहिम भी चलाई जाए।

हेमा रावल, गनीगांव उत्तराखंड

सार समाचार

एफडीडीआई इंस्टीट्यूट में चोरों की सेंधमारी, लेपटॉप सहित अन्य सामान चोरी

गुना, देशबन्धु। देश का प्रमुख एफडीडीआई इंस्टीट्यूट में दीवाली की छुट्टियों के दौरान अज्ञात चोरों ने सेंधमारी कर तीन लेपटॉप, एलईडी, साउण्ड सहित अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार फुटवियर डिजाइन एण्ड डेवलपमेन्ट इंस्टिट्यूट विभाग में प्रभारी प्रशिक्षक आवेदक नारायण राव चौगुले ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि गत शाम करीवन 5.30 बजे वह पुराघोषर स्थित एफडीडीआई इंस्टीट्यूट को बन्द कर अपने घर चले गए थे। संस्था में सुरक्षा गार्ड महेश राजपूत निवासी पुराघोषर, जगदीश यादव निवासी बिसोनिया के गार्ड मौजूद थे। सुबह सुरक्षा गार्ड जसवंत गहलोत का फोन आया कि कार्यालय के स्टाफ क्वाटर के कमरों के ताले टूटे पड़े हैं और अन्दर सामान भी बिखरा पड़ा है। मौके पर चेक करने पर अन्दर रखे तीन डेल कंपनी के लेपटाप, एक 42 इंची एलईडी टीवी, एक साउण्ड सिस्टम कीमती सहित अन्य सामान चोरी करके ले गए। जिसकी कीमत करीब 90 हजार रुपए बताई जाती है। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात चोर पर धारा 457, 380 भादवि के तहत कार्रवाई की है।

दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

गुना, देशबन्धु। म्याना पुलिस द्वारा थाना अंतर्गत युवती को घर में अकेला पाकर उससे जबरिया दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 13 नवम्बर को 19 वर्षीय एक युवति द्वारा जिले के म्याना थाना पुलिस को रिपोर्ट की गई थी, कि 30 जनवरी 23 को वह अपने घर पर अकेली थी। इसी बीच दोपहर के समय ग्राम सतनवाड़ा निवासी अनिल कुशवाह उसके घर पर आया और उसे घर पर अकेली पाकर अनिल ने उसे जान से मारने की धमकी दी और उसके साथ जबरदस्ती गलत काम किया गया। इसके बाद भी 3 फरवरी को भी अनिल द्वारा उसके साथ जबरदस्ती गलत काम किया गया, उसके द्वारा डर के कारण यह बात किसी को नहीं बताई। विगत दिनांक 13 नवम्बर को उसकी तबियत खराब होने पर उसे परिजनों द्वारा जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसने उक्त मृत बच्चे को जन्म दिया। जिसकी रिपोर्ट पर से आरोपी अनिल कुशवाह के विरूद्ध म्याना थाने में अप.क्र. 477/23 धारा 376, 376(2)(एन), 506, 450 भादवि के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया था। उक्त मामले में पुलिस ने प्रकरण के आरोपी अनिल उर्फ चंद्रभान पुत्रसोमी कुशवाह निवासी सतनवाड़ा जिला शिवपुरी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश करने पर, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

प्रचार के दौरान आरोन भाजपा मंडल अध्यक्ष से मारपीट

गुना, देशबन्धु। जिले के आरोन थानांतर्गत चुनाव प्रचार के अंतिम दिन शाम होते होते प्रचार के दौरान दो पक्ष आपस में भिड़ गए। जिसमें भाजपा मंडल अध्यक्ष के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी भाजपा मंडल अध्यक्ष मुनेश जैन पिता स्व. सुखचंद जैन निवासी सदर बाजार जैन मंदिर के पास ने शिकायत दर्ज कराई कि वह ब्लॉक भाजपा मंडल अध्यक्ष हैं। बुधवार की शाम को वह पार्टी का प्रचार कर रहे थे। तभी वहां पर रमेश रघुवंशी, शंकर रघुवंशी और दीना रघुवंशी आए और भीड़ से अलग करके उठाकर ले गए और जमकर मारपीट की। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपियों पर धारा 294, 323, 34 भादवि के तहत कार्रवाई की।

कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने कहा-

डबल इंजन सीज हो गए जनता बदलाव चाहती है

गुना, देशबन्धु। लगभग 24 घंटों तक लम्बा दौरा करने के बाद दिग्विजय सिंह राजस्थान के डिप्टी सीएम सचिन पायलट के साथ बुधवार को हवाई अड्डे पर पत्रकारों से मुखातिब हुए। राजस्थान के डिप्टी सीएम और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट ने कहा है कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के बाद देश का मिजाज और माहौल बदला है। पायलट ने हिमाचल और कर्नाटक का उदाहरण देते हुए बताया कि इन राज्यों में भाजपा का डबल इंजन मॉडल फेल हुआ है इनके इंजनन्हर जगह सीज हो रहे हैं। कुछ ऐसा ही मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में होने वाला है। सचिन पायलट के मुताबिक लोग भाजपा से ऊब चुके हैं और पूरा देश बदलाव चाहता है। राजस्थान में हर साल के बाद सरकार बदलने की परम्परा को सचिन पायलट ने इस बार टूटने की बात कही है। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि इस बार राजस्थान के लोग कांग्रेस की सरकार को रिपीट करने वाले हैं। वार्ता

में जिला अध्यक्ष मेहरबान सिंह, महावीर पंड्या, नुरुलहसन नूर, हरि विजयवर्गीय, विश्वनाथ तिवारी, निकलंक जैन, रजनीश शर्मा, शेखर वशिष्ठ, वीरेंद्र सिसौदिया, विक्रम तोमर, हर्ष मेर, राजकुमार अग्रवाल, छोटू शिमला सहित अनेक कांग्रेसजन मौजूद थे।

वहीं संसद से लगातार सांसदों की सदस्यता निलंबित करने के मामले में दिग्विजय सिंह ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह आलोचक सांसदों की सदस्यता खत्म करना चाहती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमित शाह द्वारा लगातार कमलनाथ और दिग्विजय सिंह पर उनके बेटों को मुख्यमंत्री बनाने की मंशा से जुड़े आरोपों का जवाब देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया कि भाजपा मूल मुद्दों से ध्यान भटकाना चाहता है। प्रधानमंत्री और गृहमंत्री महंगाई, बेरोजगारी पर बात क्यों नहीं कर रहे हैं? राम मंदिर निर्माण में भाजपा द्वारा कांग्रेस पर रुकावट डालने के आरोपों को भी दिग्विजय ने सिरे से खारिज कर दिया। दिग्विजय ने कहाकि भाजपा पहले हिंदू-मुसलमानों को बांटती थी अब हिंदुओं को आपस में बांट रही है। उनकी नीति ही फूट डालो और राज करो की रही है। कर्नाटक में यह तरीका फेल हो चुका है।

व्यापम में देने वालों को जेल, लेने वाले बच गए : अमित शाह की चांचोड़ा और राघौगढ़ विधानसभा में चुनावी सभा को लेकर दिग्विजय ने कहा कि पूरे प्रदेश में ऐसा लग रहा है मानो भाजपा को स्थानीय नेताओं पर विश्वास नहीं रहा है। व्यापम मुद्दे पर एक दिन पहले लक्ष्मीगंज में आयोजित चुनावी सभा में दिए गए बयान को आगे बढ़ाते हुए दिग्विजय ने बताया कि कांग्रेस इस मुद्दे की जांच कर रही थी। व्यापम में पैसे लेने वालों का बचाव किया जा रहा था और देने वाले जेल चले गए थे। यह अनोखा मामला था। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने विधानसभा चुनाव के बीच निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर भी संदेह जताया।

दोनों पक्षों पर मामले दर्ज

स्टेशन पर मुड़ते समय कारों में हुई भीषण भिड़ंत

गुना, देशबन्धु। धरनावदा थानांतर्गत रुठियाई रेलवे स्टेशन रोड तिराहे पर दो कारों में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। जिसमें दोनों कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। जबकि कारों में सवार यात्री घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर एक-दूसरे पर क्रॉस मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पहले पक्ष के फरियादी संस्कार पुत्र सुधीर कुमार संत निवासी आफीसर कालोनी कैंट ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई कि वह अपनी कार क्रमांक एमपी 09-जेडजी-1290 से गुना से रुठियाई स्थित रेल्वे स्टेशन पर सारांश श्रीवास एवं उसकी बहन को छोड़ने के लिये आ रहे थे। जैसे ही उनकी गाड़ी रुठियाई बायपास से रुठियाई कस्बा के लिये अंदर आने के लिये मुड़ी तभी सामने इंदौर की ओर से आ रही बीएमडब्ल्यू कार क्रमांक एमपी09-सीक्यू-0011 कार के चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाकर टक्कर मार दी। जिससे उन्हें चोटें आई है वहीं कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने आरोपी चालक पर धारा 279, 337 भादवि के तहत मामला दर्ज किया है।

वहीं दूसरे पक्ष के फरियादी गौरव पुत्र मुरलीधर शर्मा निवासी ग्राम नीदपुरा झांकरी थाना गोहद हाल संगम नगर इंदौर ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि वह अपनी बीएमडब्ल्यू कार क्रमांक एमपी09-सीक्यू-0011 से इंदौर से भिंड जा रहे थे। गाड़ी उनके जीजा केके दुबे की है जिसे में स्वयं चला रहा था। जैसे ही वह रुठियाई बायपास के पास पहुंचे तो गुना तरफ से आ रही कार क्रमांक एमपी09-जेडजी-1290 के चालक ने गाडी को तेजी व लापरवाही से रुठियाई बायपास से कस्बा रुठियाई आने के लिये अंदर की तरफ चलाता हुआ लाया और टक्कर मार दी। जिसमें मेरी गाड़ी का आगे का बंपर, आगे का कांच, दोनो हैडलाईट एवं एसी आदि क्षतिग्रस्त होकर उसका नुकसान हो गया। वहीं उन्हें भी चोटें आई हैं। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ 279,337 भादवि के तहत मामला दर्ज किया है।

नियम बनाकर भूला प्रशासन, जयस्तंभ चौराहे पर लगाएं बड़े होर्डिंस

गुना, देशबन्धु। संपति विरूपण नियम के तहत अवैध रूप से लगे बैनर पोस्टर्स को हटाने का काम नपा प्रशासन का है। लेकिन जब जिम्मेदार ही अपने नियमों को भूलकर खुद गलती करने आमादा हो जाए तो आप इसे क्या कहेंगे। दरअसल हम बात कर रहे है शहर के हृदय स्थल जय स्तंभ चौराहे सहित हनुमान चौराहे की रोटरी पर मतदान की जागरूकता को लेकर लगाए गए बड़े बड़े होर्डिंग्स की।

डेढ़ दर्जन से अधिक जुआरी पकड़े

आरोन पुलिस ने जुआ फडों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई

गुना, देशबन्धु। आरोन पुलिस द्वारा तीन अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर डेढ़ दर्जन से अधिक जुआरियों को जुआ खेले हुए रंगे हाथों दबोचा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम देवमढ़ी मंदिर के पास कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। उक्त सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर जुआ खेल रहे कल्याण पुत्र मुकन्दीलाल अहिरवार निवासी रुसल्ला, रामवीर पुत्र प्राण सिंह अहिरवार, बन्टीलाल पुत्र प्राणसिंह अहिरवार निवासीगण सावनखेड़ी, संजीव पुत्र प्रहलाद अहिरवार निवासी सोवत, सोनू पुत्र करनसिंह अहिरवार उम्र 24 साल निवासी रुसल्ला, अमृतलाल पुत्र कालूराम अहिरवार निवासी रुसल्ला, विजय पुत्र मेहरबान अहिरवार निवासी रुसल्ला, संजीव पुत्र कैलाश नारायण भार्गव निवासी देवमढ़ी, दीपक पुत्र ओमप्रकाश भार्गव निवासी ग्राम देवमढ़ी, शैलेन्द्र पुत्र काशीराम रघुवंशी निवासी को जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया। जिनके पास से पुलिस ने ताश की गड्डी एवं कुल 24300 रुपए नगद बरामद किए। पुलिस ने सभी पर 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की।

इसके अलावा आरोन पुलिस ने ही कस्बे के शिव शक्ति नगर काली माता मंदिर के पास जुआरियों पर कार्रवाई की। यहां स्टेट लाइट के उजाले में पांच लोग जुआ खेल रहे थे। पुलिस ने मौके से सुरेन्द्र पुत्र रमेश साहू निवासी गौड मोहल्ला आरोन, हेमराज पुत्र लालाराम साहू निवासी इकोदिया, रमेश चन्द्र पुत्र बलराम साहू निवासी कांजी हाउस के पास आरोन, सोनू पुत्र हरी बल्लभ साहू निवासी सारथी सिटी कालोनी सिरोज रोड, सन्तोष पुत्र पूर सिंह साहू निवासी पुराना बायपास रोड आरोन को रंगे हाथों दबोचा। पुलिस ने इनके पास से 11700 रुपए नगदी एवं ताश की गड्डी बरामद की। पुलिस ने सभी 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की। वहीं तीसरी कार्रवाई पुलिस ने गौड मंदिर के पास आरोन में की। यहां बिजली के खम्भे की लाईट में जुआ खेल रहे घनश्याम पुत्र सूरज लाल शर्मा निवासी गौड मोहल्ला, राजन पुत्र बाबूलाल कुशवाह निवासी बायपास रोड आरोन के सामने, बृजेश पुत्र कालूराम साहू निवासी साहू कालोनी, नीतेश पुत्र हेमराज साहू निवासी साहू मोहल्ला, हरवीर पुत्र मनमोहन साहू निवासी साहू को जुआ खेलते हुए पकड़ा। जिनके पास से ताश की गड्डी एवं 2300 रुपए नगदी बरामद किए। पुलिस ने सभी पर 13 जुआ एक्ट में कार्रवाई की।

नयापुरा में सेंधमारी करने वाले 2 चोर गिरफ्तार, माल बरामद

गुना, देशबन्धु। सिटी कोतवाली क्षेत्र के नयापुरा से हुई चोरी का पुलिस ने महज 06 घंटों में पर्दाफाश किया है। पुलिस ने चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गया संपूर्ण माल बरामद किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी सत्यनारायण चौरसिया निवासी गैस गोदाम के पास नयापुरा गुना द्वारा गुना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करी गई थी कि 13 नवम्बर की रात में कोई अज्ञात व्यक्ति उनके मकान में घुसा और एक कमरे का ताला तोड़कर सोने का एक मंगलसूत्र, 05 हजार रूपये नगद एवं एक हाथ घड़ी कुल कीमती करीबन 01 लाख रूपये का सामान चोरी कर ले गया है। जिसकी रिपोर्ट पर से गुना कोतवाली में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अप.क्र. 973/23 धारा 457, 380 भादवि के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। इस मामले में पुलिस ने सीसीटीव्ही कैमरों की मदद ली। जिसके परिणामस्वरूप पुलिस द्वारा उक्त चोरी को अंजाम देने में आरोपीगण सौरभ पुत्र राजेश सिकरवार निवासी बलवंतनगर गुना एवं सुनील पुत्र रामस्वरूप मीना निवासी नजूल कॉलोनी गुना को गिरफ्तार कर जिनके कब्जे से प्रकरण में चोरी गया सोने का एक मंगलसूत्र, 05 हजार रूपये नगद एवं एक हाथ घड़ी कुल कीमती 1 लाख रूपये का माल बरामद करने में उल्लेखनीय कामयाबी हासिल की गई है।

भाई के माथे पर सजा बहनों का प्यार

गुना, देशबन्धु। अंचल में भाई-बहन के स्नेह और विश्वास का प्रतीक भाई दूज पर्व बुधवार को उल्लास के साथ मनाया गया। बहनों ने भाइयों के माथे पर खुशहाली का टीका लगाकर उनके लंबी आयु व सलामती की दुआ मांगी। पर्व पर हर घर में खुशी का माहौल रहा। भाइयों से मिले तोहफे से बहनों का चेहरा खुशी से खिल उठा। हालांकि इस बार भाईदूज को लेकर संशय की स्थिति बनी रही। कुछ लोगों ने मंगलवार को ही दूज मानी तो अधिकांश जगह बुधवार को भाईदूज का पर्व मनाया गया। बहरहाल इस बार दीपोत्सव का पर्व छह दिनों का रहा। उल्लेखनीय है कि कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को भैया दूज (यम द्वितीया) पर्व मनाया जाता है। मान्यता है कि भैया दूज के दिन भगवान यमराज ने अपनी बहन यमुना के स्वागत से प्रसन्न होकर यह आशीर्वाद दिया था कि भैया दूज के दिन जो लोग भी यमुना नदी में स्नान करेंगे। उन्हें मृत्यु उपरांत यमपुरी नहीं जाना पड़ेगा। बहन भाइयों को तिलक लगाकर भोजन कराएंगी, तो घरों में सुख-समृद्धि व खुशहाली आएगी। इसी मान्यता के अनुरूप बुधवार को भैया दूज पर्व पूरे जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही बहनें पूजा की तैयारी में जुटी रहीं। सभी तैयारियां पूरी करने के बाद बहनों ने शुभ मुहूर्त

में विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। बहनों ने थाली सजाकर अपने भाइयों को टीका लगाया। रोली- अक्षत से अभिषेक कर मुंह मीठा कराते हुए बहनों ने भाई के लंबी उम्र की कामना की। भाइयों ने बहनों को तरह-तरह के आकर्षक उपहार देने के साथ उनकी रक्षा का वचन दिया। बच्चे इस पर्व पर खासा उत्साहित दिखे।

भाईदूज पर बहनों ने की भाईयों लंबी उम्र की दुआ : इस दौरान दीपावली के अंतिम दिन भाईदूज पर बहनों का प्यार भाईयों के माथे पर सजा। वहीं कायस्थ समाज द्वारा यम द्वितीया पर भगवान यम की पूजा अर्चना की। इधर गोवर्धन पूजा के बाद अंचलभर में अन्नकूट का दौर शुरू हो गया। जो देव उठावनी ग्यारस तक जारी रहेगा।

भाजपा को 18 साल बाद आई बहनों की याद

आष्टा, देशबन्धु। विधानसभा चुनाव का शोरगुल बुधवार की शाम 5 बजे थम गया। इससे पहले अंतिम समय में कांग्रेस प्रत्याशी कमल सिंह चौहान ने बड़ी संख्या में कार्यकर्ता के साथ नगर के हर एक मार्ग पर पहुंचकर अपना शक्ति प्रदर्शन किया। वहीं लोगों से लगातार डोर टू डोर संपर्क किया जा रहा है। मंडीगेट से प्रारंभ हुआ कांग्रेस प्रत्याशी के कार्यकर्ताओं का जनसैलाब कन्नौद रोड पुराना बस स्टैंड अलीपुर लगभग सभी वार्ड गली चौराहा और घर-घर जाने के प्रयास के साथ लोगों से कांग्रेस के पक्ष में वोट डालने की अपील की। श्री चौहान ने कहा कि कांग्रेस का वोट पहले नंबर के साथ कांग्रेस का वचन पत्र लोगों को बता रहे हैं।

भाजपा छोड़ कांग्रेस की ली सदस्यता

आष्टा, देशबन्धु। विधानसभा चुनाव के 3 दिन पहले भाजपा को लगातार तीसरा झटका लगा। भाजपा के पूर्व युवा मोर्चा के नगर मंत्री युवा नेता राहुल वाल्मीकि ने भाजपा के नगर पालिका चुनाव और विधान सभा चुनाव टिकट वितरण से असंतुष्ट होकर सैकड़ों युवाओं के साथ कांग्रेस की सदस्यता ली। कांग्रेस जिला अध्यक्ष बलवीर सिंह तोमर और विधानसभा प्रत्याशी कमल सिंह चौहान द्वारा साफा और कांग्रेस का दुपट्टा पहनाकर राहुल वाल्मीकि को सदस्यता ग्रहण करवाई। जिसमें मुख्य रूप से राहुल वाल्मीकि की पूरी समर्थकों का नेतृत्व भैया एमपी एवं पूर्व जिला जनपद अध्यक्ष बलबहादुर सिंह ठाकुर द्वारा किया गया साथ ही

राहुल वाल्मीकि के साथ सैकड़ों युवा कार्यकर्ताओं को कांग्रेस की सदस्यता दिलाई गई। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी पीसीसी सदस्य हरपाल सिंह ठाकुर, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष गुलाब बाई ठाकुर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार शहर कांग्रेस अध्यक्ष जाहिद गुड्डू, कांग्रेस ब्लॉक जितेंद्र ठाकुर यूथ कांग्रेस नगर अध्यक्ष टोनी कोठरी, नरेन्द्र कुशवाह चंदर सिंह ठाकुर एवं समस्त कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहे। राहुल वाल्मिकी के साथ मुख्य रूप से आष्टा विधानसभा ग्रामीण क्षेत्र के मे भी सदस्यता ग्रहण की। जिसमें धर्मेन्द्र मालवीय राजा राजपूत,सुरेंद्र परमार ,राजेंद डंग ,राहुल परमार ,आदित्य डूमाने कामेश, जतिन वाल्मीकी महेंद्र राजपूत विक्की रेकवाल रेकवाल राजेश वाल्मिकी जीतू नरवले पप्पू नरवाले युगल मालवीय आशु वाल्मीकिऔर सैकड़ो युवाओं ने कांग्रेस की सदस्यता ली।

मुख्यमंत्री ने चुनावी सभा को किया सम्बोधित, बोले

मोहब्बत के नाम पर नफरत की दुकान नहीं खुलने देंगे

आष्टा, देशबन्धु। कांग्रेस एक चालू और घटिया पार्टी है, यह मैं नहीं कह रहा ये बात अब समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने कांग्रेस के लिए कहे हैं। कांग्रेस मोहब्बत की दुकान की आड़ में नफरत और भाइयों को बांटने की दुकान प्रदेश में खोलना चाहती है, लेकिन प्रदेश में नागरिक कांग्रेस की नफरत की दुकान नहीं खुलने देंगे ऐसा मुझे आप सब पर पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा यहां तो केवल मामा की ही दुकान चलेगी। मप्र में सरकार भाजपा की बनते ही उन सभी पात्र लाडली बहनाओं के नाम जोड़े जाएंगे जो छूट गए है। श्री चौहान ने कहा कि कौन सोचता था की आष्टा को नर्मदा का पानी मिलेगा लेकिन मैंने मन में ठान लिया था कि आष्टा के किसानों को सिंचाई के लिए नर्मदा का जल उपलब्ध कराऊंगा।

आष्टा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी गोपाल सिंह इंजीनियर के समर्थन में स्थानीय सुभाष चौक चार बत्ती चौराहे पर आम सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कही। उन्होंने कहा की आष्टा को मैं कैसे छोड़ सकता हूं, आष्टा मेरे प्राणों में बसता है, मेरी सांसों में बसता है, मेरी आंखों में बसता है। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस ने लाड़ली बहनाओं की 1250 रुपए की इस माह डाली जाने वाली किस्त में काफी रोड़े डालने की कोशिश की लेकिन मामा ने 7 तारीख को ही लाड़ली बहनाओं के खातों में पैसे डाल दिए थे। कांग्रेस इसमें रोड अटकना चाहती थी। कांग्रेस को लगा की मामा चुपके से पैसे डाल देगा, लेकिन मामा ने लाड़ली बहनों के खातों में डंके की चोट पर पैसे डालें।

सास और बहू को बराबर मिलेंगे रुपए : मुख्यमंत्री ने कहा कि एक बुजुर्ग अम्मा मेरे पास आई और अपनी पीड़ा बताई कि शिवराज बहू को 1250 रूपये मिलते है। हमे 600 रुपए क्यों देता है। इस पर मैंने कहा कि बात तो सही है भाजपा की सरकार बनते ही अब बहू और सास में फर्क नहीं होने दूंगा और सभी को बराबर अगले माह से 15 सौ रुपए डालूंगा।

आपके खाते में 3 हजार तक पहुंचाना मेरा लक्ष्य : मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा की लाड़ली बहनाओं के खातों में 1 हजार डालना शुरू किए थे, जो बढ़कर अब 1250 रुपए हो गए, लेकिन धीरे-धीरे पैसों की जुगाड़ होती जाएगी और आपके खाते में 3 हजार तक पहुंचाना मेरा लक्ष्य है। उन्होंने कहा किसानों का गेहूं 27 सौ और धान 31 सौ प्रति क्विंटल खरीदे जाएंगे।

श्री चौहान ने कहा कि अरबपतियों के बच्चों की तरह गरीबों के बच्चों की शिक्षा भी होगी, उसके लिए सीएम राइज स्कूल खोले जा रहे हैं। अभी आष्टा विधानसभा क्षेत्र में 2 सीएम राइज स्कूल आष्टा और जावर में खोलें है। प्रदेश में सरकार बनते ही आष्टा विधानसभा क्षेत्र में 10 सीएम राइज स्कूल और खोले जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने आज भाजपा प्रत्याशी इंजीनियर गोपाल सिंह, तथा कैलाश बगाना और सोनू गुणवान को विजय बनाने की अपील की।

कांग्रेस प्रत्याशी ने ग्रामीण क्षेत्रों में किया घर घर जनसंपर्क

आप से मेरा पारिवारिक रिश्ता, जनसेवा मेरा ध्येय : शशांक

सीहोर, देशबन्धु। कांग्रेस की प्रगतिशील और समावेशी विकास की विचारधारा से प्रभावित होकर हर वर्ग कांग्रेस से जुड़ रहा है। कांग्रेस प्रत्याशी शशांक सक्सेना ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क कर रहे हैं, उन्हें लोगों का भरपूर प्यार और आशीर्वाद मिल रहा है। बुधवार को श्री सक्सेना ने सीहोर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जमोनिया तालाब, थूना खुर्द, रायपुरा, मुंगावली, बड़वेली, डोबरा, दुपाडिया दांगी, सेमरा दांगी, झागरिया, अतरालिया, बराडी कला, बराडी खुर्द, खुशामदा, सतोनिया, तोरनिया, छापरी में डोर टू डोर जनसंपर्क किया। इस दौरान ग्रामीणों ने उनका पुष्प मालाएं पहनाकर स्वागत किया कई स्थानों पर सिर पर साफा बांधकर सम्मानित किया।

सक्सेना ने ग्रामीणों के बीच अपनी बात रखते हुए कहा कि आप लोगों से मेरा राजनीतिक रिश्ता नहीं, पारिवारिक संबंध है। आपका कर्ज है उसे चुकाना चाहता हूं, लोगों ने ही मेरे पिता को राजनीति में पहचान दी। प्यार, सम्मान और ताकत दी।

चुनाव तक ही दिखाई देंगे : श्री सक्सेना ने ग्रामीणों से कहा कि भाजपा के जनप्रतिनिधि जो अभी वोट लेने के लिए गांव गांव घूम रहे हैं, चुनाव बाद गांव में दिखाई नहीं देंगे। इनके बहकावे में मत आना। यह पूंजीवादी मानसिकता रखने वाले बिजनेसमैन लोग हैं। किसानों का दर्द नहीं समझते।

आज भाजपा शासन में किसानों की कोई नहीं सुनता। उन्होंने कहा कि आज उन्हें पर्याप्त खाद नहीं मिलता। बिजली विभाग उन पर झूठे प्रकरण बनाता है। वह विभागों में परेशान होते हैं। सक्सेना परिवार ने किसानों के अधिकारों की लड़ाई लड़ी है। ग्रामीणों को वचन दिया कि हर परिस्थिती में वह उनके साथ खड़े रहेंगे। इसलिए किसी के बहकावे में मत आना। कांग्रेस किसानों को सस्ती बिजली, उपज पर बेहतर समर्थन मूल्य, 5 हार्स पावर तक बिजली बिल माफ, नंदन गौधन योजना, दूध पर बोनस सहित अनेकों योजना लेकर आई है।

वाहन रैली निकालकर भाजपा उम्मीदवार सुदेश राय ने दिखाई ताकत

सीहोर, देशबन्धु। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन भाजपा प्रत्याशी सुदेश राय के समर्थकों ने विशाल वाहन रैली निकालकर भाजपा की जीत की ओर एक कदम आगे बढ़ा दिया वाहन रैली विधानसभा के ग्राम अहमदपुर से

प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई लिसा टाकीज चौराहे पर समाप्त हुई। रैली के बाद कार्यकर्ताओं को सम्भोधित करते हुए सुदेश राय ने कहा कि विरोधी अभी से धमकी दे रहे है हम धमकी नहीं हाथ जोड़कर वोट मांगते है। कार्यकर्ताओ ने इस अवसर पर आभार प्रगट करते हुवे कहा कि आपने तो मुझे तब चुनाव जिताया था जब मेरे पास कोई निशान नही था, अब तो मेरे पास कमल के फूल का निशान है। इस अवसर पर सुदेश राय ने कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र देते हुए कहा कि आपके पास अब 2 दिन बचे है सभी कार्यकर्ता अपने अपने बूथ पर जाकर काम करें और भाजपा की जीत सुनिश्चित करे।

ताप्ती तीरे

सार समाचार

50 से अधिक युवा कांग्रेस में शामिल

सारनी, देशबन्धु। कांग्रेस पार्टी एक विचारधारा है एक संगठन है और एक नियम के अनुसार कार्य करने की क्षमता प्रदान करने वाली पार्टी है। यह बात कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनील शर्मा ने शोभापुर कॉलोनी में कार्यक्रम में कही। उन्होंने 50 से अधिक युवाओं को कांग्रेस का गमछा पहनकर उन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई। इस दौरान प्रदेश महासचिव समीर खान,बैतूल प्रभारी चंद्रिका प्रसाद द्विवेदी, सेवा दल के प्रदेश उपाध्यक्ष भोला कांति, मोहम्मद इलियास, भगवान जावरे,किशोर चौहान,आलोक राय सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता इस अवसर पर उपस्थित रहे।

बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अलस्या ने किया जनसंपर्क

बैतूल, देशबन्धु। चुनाव प्रचार प्रसार के आखिरी दिन निर्दलीय प्रत्याशी अलस्या सोलंकी ने अपने अराध्य देव भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर जनसंपर्क किया। सपत्निक अपने समर्थकों के साथ ढोल ढमाके और लाउड स्पीकर की आवाज के साथ पीडब्लूडी चौक से होते हुए शिवाजी चौक, फिर कोठी बाजार एरिया का भ्रमण किया। अलस्या ने मीडिया से कहा की हमारे अराध्य देव भगवान बिरसा मुंडा ने जनजाति समाज और दलित पीड़ितों को संगठित कर उनके हक की लड़ाई लड़ी है। उन्हीं के पद चिन्हों पर चलते हुए मैं समाज के दलित, पीड़ित, शोषित वर्ग के उत्थान के लिए बैतूल विधानसभा से चुनाव लड़ रहा हूं।

2 युवकों के साथ मारपीट, 1 घायल

मुलताई, देशबन्धु। बुधवार दोपहर में ग्राम हेटी निवासी अनिल पुत्र गुलाबराव उम्र 27 वर्ष अपने दोस्त संदीप के साथ उमरिया मछली छोड़ने के लिए बाइक से जा रहे थे की तभी अचानक हेटी खापा जोड़ पर उनकी बाइक, सामने से आ रही दूसरी बाइक के साथ अड़ गई, जिसके चलते सामने से आ रहे हैं उनके अन्य साथियों ने मिलकर उनके साथ लाठी डंडों से मारपीट की और उनका सर फोड़ दिया। जिसके बाद संदीप बेहोश होकर गिर गया जबकि अनिल का उन्होंने सर फोटो दिया और उसके हाथ पैर पर भी लठ मारे जिससे उसका एक पैर टूट गया। संदीप को होश आने के बाद उसने अपने दोस्त को फोन कर बुलाया और अनिल को साथ लेकर सरकारी अस्पताल आया, जहा प्राथमिक उपचार कराने के बाद पुलिस थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

चेक पोस्ट पर एसएसटी टीम लगातार रख रही निगरानी

प्रशासन मुस्तैद : यात्री बसों और होटलों की जांच करने पहुंची टीम

मुलताई, देशबन्धु। बुधवार शाम 5 बजे से क्षेत्र में चुनाव प्रचार थम गया। प्रशासनिक अधिकारी मुस्तैदी के साथ शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहते। जिसके लिए तैयारी भी की गई है। चुनाव से ठीक पहले विभिन्न टीमों द्वारा लगातार बसों सहित होटलों की जांच की गई। इसके अलावा नगर पालिका सभा कक्ष में विभिन्न मतदान पार्टियों की बैठक लेकर दिशा-निर्देश दिए गए। इधर चेक पोस्ट पर भी एसएसटी टीम लगातार जांच में जुटी रही। बताया जा रहा है कि अब जब चुनाव को केवल एक दिन बाकी रह गए हैं ऐसे में मतदान शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने पूरी तरह कमर कस ली है। मंगलवार रात मुलताई सहित आसपास के क्षेत्र की सभी होटल एवं लाजों में टीम ने सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। होटल में कौन-कौन व्यक्ति रुके हुए हैं एवं उनके पहचान पत्र की जांच की गई है। इधर अधिकरियों द्वारा विधानसभा क्रमांक 129 के वाहन रूट प्रभारियों की बैठक नगर पालिका सभा कक्ष में आयोजित की गई। जिसमें मतदान दल कहा से रवाना होंगे एवं मतदान दल के वाहन किस रूट से मतदान केंद्र तक पहुंचेगे इसको लेकर चर्चा की गई है। वही सेक्टर ऑफिसर और मास्टर ट्रेनर की सामग्री जमा और वितरण की ट्रेनिंग भी संपन्न करवाई गई है। इधर चेक पोस्ट गौनापुर पर महाराष्ट्र की ओर से आ रही यात्री बसों सहित अन्य वाहनों की लगातार जांच की जा रही है।

पीले चावल देकर मतदान के लिए किया आमंत्रित: इधर गांव में ग्रामीणों को पीले चावल बांटकर मतदान के लिए आमंत्रित किया गया। मतदान का प्रतिशत बढ़ाने, मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। हर गांव में हर घर तक पीले चावल पहुचाये जा रहे हैं और सभी से आग्रह किया जा रहा है कि अधिक से अधिक संख्या में लोग मतदान करने के लिए पहुंचे।

चुनाव प्रचार के आखिरी दिन भाजपा-कांग्रेस ने निकाली रैली

सारनी, देशबन्धु। विधानसभा चुनाव का प्रसार बुधवार शाम 5 बजे थम गया। आखिरी दिन कांग्रेस भाजपा नेबगडोना, शोभापुर, पाथाखेड़ा, सारनी में रैली निकाली। भाजपा ने बुधवार को 11 बजे महावीर स्वामी वार्ड क्रमांक 36 के स्वागतद्वार से वाहन रैली निकाली। यह वाहन रैली बगडोना से होते हुए शोभापुर के 6 वार्डो का भ्रमण करने के बाद काली माई मंदिर प्रांगण में पहुंचकर इस वाहन रैली का समापन किया गया। उसके बाद विद्युत नगरी सारनी के 13 वार्डों में भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर योगेश पंडरी की धर्मपत्नी मंजू पंडाग्रे के माध्यम से चुनाव प्रचार प्रसार किया गया और वाहन रैली निकालकर कोयलांचल क्षेत्र पाथाखेड़ा के 16 वार्ड में जनसंपर्क कर शाम 5 बजे चुनावी जनसंपर्क का समापन किया गया। जबकि कांग्रेस सारनी मंडलम कार्यालय से वाहन रैली निकाली जो सारनी के 13 वार्डों में विभिन्न स्थानों से भ्रमण करने के बाद शॉपिंग सेंटर पहुंचकर रैली का समापन किया गया। 15 दिनों तक कांग्रेस-भाजपा सहित अन्य राजनीतिक दलों के ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार किया। कांग्रेस और भाजपा दोनों ही अपने-अपने प्रत्याशी की विजय होने का दम भर रहे हैं ।

किसानों, महिलाओं और विद्यार्थियों के लिए सरकार ने कोई योजना नहीं चलाई: डागा

बैतूल, देशबन्धु। कांग्रेस प्रत्याशी निलय विनोद डागा ने चुनाव प्रचार के अंतिम दिन बुधवार को अपने जनसम्पर्क की शुरुआत पाढर ग्राम से की। डागा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के शासनकाल काल से आमजन पूरी तरह त्रस्त हो चुका है। महंगाई ने जहां लोगों की कमर तोड़ कर रख दी है वहीं किसानों, महिलाओं, विद्यार्थियों के लिए ऐसी कोई योजना तक नहीं चलाई गई जो समाज को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर सके। लेकिन आपको चिंता करने की कोई जरूरत नहीं क्योंकि कांग्रेस ने सभी की चिंता करने का वचन दे दिया ही। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही आम जन को राहत प्रदान करने वाले निर्णय सबसे पहले लिए जाएंगे। डागा ने कहा कि आज गांवों में रहने वाली हमारी बेटियां काबिल होने के बाद भी सुविधाओं के अभाव में अपनी काबलियत साबित नहीं कर पाती हैं। लेकिन कांग्रेस का वचन है कि, बेटियों अब चिंता करने की जरूरत आपको नहीं करनी पड़ेगी। कांग्रेस ने तय किया है कि, बेटियों को आंगनबाड़ी से कॉलेज तक निःशुल्क शिक्षा दिये जाने की व्यवस्था की जाएगी। बालिकाओं को कक्षावार 500 रुपये से लेकर 1500 रुपये की सहायता प्रतिमाह उपलब्ध कराना हमारा वचन है। यही नहीं पालकों को भी राहत प्रदान किये जाने की व्यवस्था कांग्रेस पहले ही कर चुकी है। अपनी बेटियों के सपनो को नई ऊंचाइयां पर पहुंचाने वाले पालक बिल्कुल चिंता ना करें उनकी बेटियां बोर्ड परीक्षा यदि मेरिट में पास करती हैं तो बेटियों के सपनों को उड़ान देने के लिए 2 लाख रुपये सम्मान निधि दिए जाने की व्यवस्था करना कांग्रेस की जिमेदारी है। सभी वर्ग की बेटियों के लिए आदर्श छात्रावास खोले जाएंगे। यही नहीं सरकारी स्कूल से पढ़ने वाली बेटियों के लिए इंजीनियरिंग, मेडिकल और ला कालेज में 10 प्रतिशत सीट सुरक्षित की जाएगी।

भाई दूज का किया तिलक, चुनाव ड्यूटी में आए जवान हुए गदगद

▸ **बैतूल सांस्कृतिक सेवा समिति की सरहदी बहनों ने किया आयोजन**

बैतूल, देशबन्धु। जिले की सामाजिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में अग्रणी बैतूल सांस्कृतिक सेवा समिति की सरहदी बहनों ने मंगलवार को जिले में विभिन्न प्रदेशों से आए पुलिस बल एवं फोर्स के साथ भाईदूज का पर्व मनाया। समिति द्वारा एसपी सिद्धार्थ चौधरी से अनुमति प्राप्त कर इस कार्यक्रम का आयोजन किया। बैतूल सांस्कृतिक सेवा समिति कारगिल विजय के बाद से ही देश के सैनिकों की हौसला अफजाई के लिए कार्य कर रही है। जिले में भाईदूज के पर्व पर विभिन्न प्रांतों से विधानसभा चुनाव के लिए ड्यूटी पर आए पुलिस बल एवं जवानों का माथा सूना न रहे इसलिए समिति के 20 सदस्यीय दल ने करीब दो हजार जवानों को दूज का टीका लगाकर शुभकामनाएं दी और दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन के लिए कामना की।

एक घंटे में 2 हजार जवानों को किया तिलक: समिति अध्यक्ष गौरी बालापुरे पदम ने बताया कि अनुमति मिलने के बाद समिति के दल ने भाई दूज मनाने की तैयारियां की। सुबह 9 बजे समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य पुलिस ग्राउंड पहुंचे यहां आरआई दिनेश मर्सकोले के निर्देशन में भाईदूज मनाया गया। श्रीमती पदम ने बताया कि यह दूसरा मौका है जब जिले में चुनाव ड्यूटी पर आए बल के साथ भाईदूज का पर्व मनाया गया है। समिति की स्थापना का यह रजत उत्सव वर्ष है,ऐसे में भाई-बहन प्रिय पर्व भाईदूज सेना एवं पुलिस के साथ मनाने का अवसर मिलना उनकी पूरी टीम के लिए गर्व का अवसर है। समिति के पदाधिकारी भारत पदम, ईश्वर सोनी, महेंद्र, सोनकर,शिवानी मालवीय, वंश कुमार पदम, सदस्य प्रज्ञा झगेकर, मेहर प्रभा परमार, आकृति परमार, संध्या पवार, कावेरी झगेकर, धड़कन शाह, निशा, करिश्मा गायकवाड़, कीर्ति, सलोनी, प्रिया, सुहानी, विष्णु शाह, विजीत लिखितकर, श्याम, पुनीत निर्मले, संध्या पाल, नेहा राम, खुशी धाड़से ने महज एक घंटे में दो हजार पुलिस एवं सेना बल को तिलक लगाकर मौली धागा बांधा।

तैनाती से पहले त्यौहार मनाकर खुश हुए जवान: सरहद पर जाने वाली बहनों का कहना है कि जिन जवानों के लिए वह सरहद तक जाती है वे जब अपने शहर में भाई दूज के अवसर पर है तो उनका माथा कैसे सूना रह सकता है। आज इन बहनों ने चुनाव ड्यूटी के लिए जाने से पहले करीब दो हजार जवानों को तिलक लगाया। यूपी, केरल, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश सहित अन्य प्रांतों एवं जिलों के जवानों को जब त्यौहार के दिन तिलक किया तो कुछ की आंखे नम हो गई तो किसी ने तत्काल फोन पर अपनी बहन को बताया कि चिंता न करें उनके माथे पर दूज का तिलक बैतूल की बहनों ने लगा दिया है।

बिना किसी भेदभाव हर वर्ग के लिए हमेशा काम करता रहूंगा: शर्मा

▸ **आनंदपुर में अजा मोर्चा के सम्मेलन में शामिल हुए विधायक एवं भाजपा प्रत्याशी**

सिरोंज, देशबन्धु। लटेरी के आनंदपुर कस्बे में बुधवार को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा का सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि यह चुनाव पूंजीपति और गरीब ब्राह्मण के बीच है। उनके पास दंगल है मेरे पास जनता की ताकत है। हम राम को मानने वाले हैं वह राम को काल्पनिक बताने वाले हैं। सम्मेलन के दौरान विधायक ने जनता और कार्यकर्ताओं से कहा कि मैं मानता हूं मुझसे गलतियां हुई है, लेकिन मेरी भूलों की वजह से लक्ष्मीकांत जी के अधूरे सपने और क्षेत्र के विकास के साथ कोई समझौता नहीं कीजिए। विश्वास दिलाता हूं कि बिना किसी भेदभाव के हर वर्ग के लिए हमेशा लक्ष्मीकांत की तरह काम करता रहूंगा। स्वर्णिम विधानसभा क्षेत्र विधानसभा बनाने का संकल्प मेरे जीवन का अंतिम लक्ष्य है। सोशल मीडिया और कांग्रेस के दुष्प्रचार के खिलाफ उन्होंने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का पर्व है। यह व्यक्तिगत नहीं बल्कि विचारधारा की लड़ाई है। चुनाव को चुनाव की तरह लड़ना चाहिए। वे पूंजीपति है धनवल का उपयोग करके तकनीक के सहारे फर्जी वीडियो बनाकर मेरी छवि खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। सम्मेलन में विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि संत रविदास और अनुसूचित जाति को सम्मान देने के लिए सागर में 100 करोड़ का रविदास मंदिर मोदी की पहल पर बन रहा है। डॉ. अंबेडकर से जुड़े पांच स्थानों को पंच तीर्थ घोषित करने का काम भी मोदी सरकार ने किया। लटेरी में रविदास मंदिर और सामुदायिक भवन बन रहा है। मैं विश्वास दिलाता हूं अगली बार आनंदपुर में सामुदायिक भवन बनाएंगे।

विधायक ने आनंदपुर के लिए बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि भविष्य में आनंदपुर को तहसील बनाने और कॉलेज खोलने के लिए वे विधानसभा में पूरी ताकत लगाएंगे। इसके अलावा काला देव में दशहरा मैदान में स्टेडियम बनाने के साथ इस विधानसभा को रेल से जोड़ने और जिला बनाने के लिए भी जुट जाएंगे। निर्दलीय प्रत्याशी हेमंत कुशवाह साथियों सहित भाजपा के समर्थन में आ गए। इसके अलावा भाजपा नेता राम मोहन पाराशर और रुपेश यादव भी अपनी नाराजी छोड़कर मंच पर नजर आए। प्रतिद्वंदी प्रत्याशी गगनेंद्र सिंह के गृह ग्राम परवलिया के कांग्रेस नेता वीरेंद्र सिंह ने भी भाजपा का दामन थामा।

सपा ने निकाली साइकिल रैली

सिरोंज, देशबन्धु। समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार असलम गौरी के समर्थन में समाज वादियों ने सपा चुनाव कार्यालय पुराना बस स्टेण्ड से एक मोटर सायकिल रैली प्रारम्भ की जो हाजीपुर बालेजा पेट्रोल पम्प लिंकरोड छतरी चौराहे कस्टम सराफा बाजार चांदनी चौक पुराना कोर्ट दरबाजा राज बाजार से होते हुए पुराना बस स्टेण्ड पर समापन हुआ। इस दौरान प्रत्याशी असलम गौरी, जिलाध्यक्ष महेश चंद जैन, सपा पार्षद फ़ारूक़ गौरी मौजूद रहे। इसके बाद बस स्टैंड पर सभा हुई।

सांची में 332 और सिलवानी विधानसभा में बनाए 276 मतदान केन्द्र

रायसेन, देशबन्धु। मप्र विधानसभा निर्वाचन-2023 हेतु 17 नवम्बर को प्रात: 7 बजे से शाम 06 बजे तक जिले की चारों विधानसभाओं में मतदान होना है। विधानसभा क्षेत्र 142-सांची और 143-सिलवानी के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक आईएएस श्री संजय कुमार द्वारा निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन अनुसार जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर अरविंद दुबे तथा रिटर्निंग अधिकारियों को मतदान प्रक्रिया स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के संबंध में दिशा-निर्देश दिए हैं। सामान्य प्रेक्षक संजय कुमार द्वारा एसएसटी, एफएसटी, पुलिस सहित अन्य अमले को लगातार सघन जांच के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही होटलों, धर्मशालाओं आदि की जांच किए जाने के भी निर्देश दिए गए हैं। निर्वाचन प्रचार-प्रसार हेतु जिले में आए ऐसे नागरिक जो रायसेन जिले के मतदाता नहीं हैं, उन्हें भी जिले की सीमाओं से बाहर जाने के निर्देश दिए गए हैं। एसएसटी दल, एफएसटी दल तथा पुलिस बल को सघन जांच के भी निर्देश दिए गए हैं। सामान्य प्रेक्षक श्री संजय कुमार द्वारा सभी शासकीय कर्मचारियों से भी विधानसभा निर्वाचन में अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए कहा गया है। विधानसभा निर्वाचन हेतु मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं की गई हैं।

सामान्य प्रेक्षक मीना ने मतदान सामग्री वितरण तैयारियों का लिया जायजा

रायसेन, देशबन्धु। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा रायसेन जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 141-भोजपुर के लिए सामान्य प्रेक्षक जेपी मीना ने औबेदुल्लागंज में मतदान दलों को सामग्री वितरण हेतु की गई तैयारियों का अवलोकन किया। सामान्य प्रेक्षक मीना को भोजपुर विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी चन्द्रशेखर श्रीवास्तव द्वारा मतदान दलों को वितरित की जाने वाली सामग्री तथा सामग्री वितरण हेतु की जा गईं व्यवस्थाओं से अवगत कराया गया।

जिले में 1226 मतदान केन्द्रों पर होगा मतदान

मतदान केन्द्रों के लिए आज बसों से रवाना होंगे दल

रायसेन,देशबन्धु। मप्र विधानसभा निर्वाचन-2023 हेतु 17 नवम्बर को प्रात: 7 बजे से शाम 6 बजे तक जिले की चारों विधानसभाओं में मतदान होना है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर अरविंद दुबे के निर्देशन में विधानसभा निर्वाचन हेतु मतदान प्रक्रिया स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। दिनांक 16 नवम्बर को मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण करते हुए बसों के माध्यम से मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया जाएगा। जिले की चारों विधानसभाओं में एसएसटी, एफएसटी, पुलिस सहित अन्य अमले को लगातार सघन जांच के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही होटलों, धर्मशालाओं आदि की जांच किए जाने के भी निर्देश दिए गए हैं। निर्वाचन प्रचार-प्रसार हेतु जिले में आए ऐसे नागरिक जो रायसेन जिले के मतदाता नहीं हैं, उन्हें भी जिले की सीमाओं से बाहर जाने के निर्देश दिए गए हैं।

क्रिटिकल मतदान केन्द्रों के भीतर लगाए गए हैं सीसीटीवी: जिले में विधानसभा निर्वाचन हेतु मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं की गई हैं। जिले में लगभग 6000 से अधिक अधिकारियों, कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। साथ ही 4300 से अधिक पुलिसकर्मियों की भी ड्यूटी लगाई गई है। जिले की चारों विधानसभाओं में कुल 645 क्रिटिकल मतदान केन्द्र हैं। इनमें विधानसभा क्षेत्र उदयपुरा में 186, भोजपुर में 155, सांची में 166 तथा सिलवानी में 138 क्रिटिकल मतदान केन्द्र हैं। इन सभी 645 क्रिटिकल मतदान केन्द्रों के भीतर सीसीटीवी लगाए गए हैं। इनके अतिरिक्त कुल 44 जगहों पर भी कैमरे लगाए गए हैं।

मप्र विधानसभा निर्वाचन हेतु रायसेन जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 1226 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। जिनमें विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-140 उदयपुरा में 308 मतदान केन्द्र, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-141 भोजपुर में 310 मतदान केन्द्र, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-142 सांची में 332 मतदान केन्द्र तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-143 सिलवानी में 276 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। जिले में कुल 1007875 मतदाता हैं, जिनमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 525474 है तथा महिला मतदाताओं की संख्या 482373 है। अन्य मतदाताओं की संख्या 28 है। उदयपुरा विधानसभा में कुल 262082 मतदाता हैं, जिनमें 136690 पुरूष मतदाताए 125387 महिला मतदाता और 05 अन्य मतदाता शामिल हैं। भोजपुर विधानसभा में कुल 255838 मतदाता हैं, जिनमें 133131 पुरूष मतदाताए 122693 महिला मतदाता और 14 अन्य मतदाता शामिल हैं। सांची विधानसभा में कुल 264582 मतदाता हैं, जिनमें 137657 पुरूष मतदाता, 126918 महिला मतदाता और 07 अन्य मतदाता शामिल हैं। सिलवानी विधानसभा में कुल 225373 मतदाता हैंए जिनमें 117996 पुरूष मतदाताए 107375 महिला मतदाता और 02 अन्य मतदाता शामिल हैं।

सार समाचार

दीवाली दूज के दिन शुभ मुहूर्त में पूजन के बाद व्यापार शुरु

इटारसी, देशबन्धु। दीपावली की दूज के दिन शुभ मुहूर्त में पूजन के बाद शहर के व्यापारियों ने अपना कारोबार फिर से प्रारंभ किया। बाजार क्षेत्र में सुबह 10.52 बजे से 11.06 बजे तक शुभ मुहूर्त में पूजन करके व्यापार की शुरुआत की। कृषि उपज मंडी में मुहूर्त पूजन 20 नवंबर को होगा। व्यापारियों ने पूजन के बाद पटाखे फोड़कर खुशी जाहिर की गई।

बाजार में सुबह 10.52 बजे से अनाज, किराना, सराफा, कपड़ा सहित अन्य कारोबारियों ने चावल लाइन सहित अपने अपने प्रतिष्ठनों के सामने आतिशबाजी करते हुए शुभ मुहूर्त में व्यापार शुरू किया। व्यापार शुरु करने पर सबसे पहले नमक की खरीदी की गई।

इटारसी से एक और त्योहार स्पेशल ट्रेन सिंगल ट्रिप चलेगी

इटारसी, देशबन्धु। छठ पर्व के अवसर पर अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लियर करने एवं यात्रियों की सुविधा के लिए उधना–न्यू जलपाईगुड़ी के मध्य सिंगल ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह गाड़ी भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन पर हाल्ट लेकर गन्तव्य को जाएगी।

गाड़ी संख्या 09015 उधना–न्यू जलपाईगुड़ी स्पेशल ट्रेन 17 नवंबर 2023 शुक्रवार को उधना स्टेशन से 14.00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन शनिवार को 01.35 बजे इटारसी पहुंचकर, 01.45 इटारसी से प्रस्थान कर, तीसरे दिन रविवार को 08.30 बजे न्यू जलपाईगुड़ी स्टेशन पहुंचेगी।

यह गाड़ी रास्ते में नंदूरबार, पालधी भुसावल, खंडवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर, बरौनी, खगड़िया एवं कटिहार स्टेशनों पर रुकेगी। इस गाड़ी में 15 शयनयान श्रेणी, 03 सामान्य श्रेणी एवं 02 एसएलआरडी सहित कुल 20 कोच रहेंगे।

मुख्यमंत्री ने सोहागपुर विधानसभा में विजयपाल के लिए मांगे वोट

सज्जनों के लिए मैं फूल से ज्यादा कोमल हूं लेकिन कोई गुंडागर्दी - दादागिरी करेगा तो मामा का बुलडोजर भी तैयार

सोहागपुर, देशबन्धु। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि याद रखो मैं सज्जनों के लिए फूलों से ज्यादा कोमल हूं लेकिन कोई गुंडागर्दी दादागिरी करेगा तो मामा का बुलडोजर भी तैयार रहेगा, किसी से डरने की जरूरत नहीं निर्भय होकर मतदान करें। दरअसल कार्यकर्ताओं ने यह शिकायत की थी कि उन्हें कांग्रेस कार्यकर्ता धमका दे रहे हैं, जिसके बाद उन्होंने ये चेतावनी दी। वह आज सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत माखननगर के नया धाई खेल मैदान में चुनावी सभा को सम्बोधित कर रहे थे।

श्री चौहान ने कहा कि 17 तारीख को पोलिंग बूथ पर जाओ, कमल की बटन दबाओ और विजय भैया को जिताओ। क्योंकि भाजपा ही वो राजनैतिक दल है जिसने राम और राष्ट्र की चिंता की है, नारी शक्ति को सुदृढ़ बनाया है।

उन्होंने कहा कि उज्वला योजना में गरीब महिलाओं को गैस कनेक्शन देकर चूल्हे के धुंए से मुक्ति दिलाई है। प्रदेश सरकार द्वारा लाड़ली बहना योजनाओं को 1250 रुपए दिए जा रहे हैं। अब बहनों को 450 रुपए में गैस टंकी दे रही है। प्रदेश में महिला सशक्तिकरण के लिए बहुत सारे काम हुए हैं। भाजपा सरकार महिलाओं के हितों में काम कर रही है। किसानों की चिंता केंद्र और राज्य सरकार ने पाली है, उन्हें किसान सम्मान निधि दिया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मैंने विधानसभा को परिवार मानकर सेवा की है। प्रदेश में सबसे ज्यादा विकास कार्य जिन विधानसभाओं में हुआ है उनमें सोहागपुर शामिल है। आपके आशीर्वाद से आगे भी हम विकास के नए कीर्तिमान गढ़ेंगे। इस आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में यहां के आदिवासी सुबह से ही अपना काम मजदूरी खेती किसानी छोड़कर सभा स्थल पर एकत्रित हो गए थे। इस दौरान पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा ने भी संबोधित किया।

व्यापारी के यहां चोरी, नगदी-जेवर सहित 15 लाख से अधिक चुराये

इटारसी, देशबन्धु। न्यास कालोनी में मुस्कान संस्था के गेट के सामने रहने वाले परसाई परिवार के यहां गोवर्धन पूजा की रात अज्ञात दो चोरों ने सेंधमारी कर करीब डेढ़ लाख रुपए नगदी सहित 15 लाख रुपए के जेवर चुरा लिये।

घटना मंगलवार की रात 8 से सवा 9 बजे के बीच की है। उस वक्त आनंद परसाई अन्नकूट उत्सा में बड़ा मंदिर और दुर्गा मंदिर गये थे जबकि पत्नी पिपरिया गयी थी। घर लौटने पर चोरी का पता चला तो 9.40 बजे अपने पड़ोसी के साथ आनंद ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज करायी। बड़ी चोरी की सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल सक्रिय हो गयी और क्षेत्र में नाकाबंदी कर दी।

पुलिस ने मामले में एक सीसीटीवी फुटेज देखकर करीब एक दर्जन बदमाशों को उठाया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि दो लाल टी–शर्ट पहने लड़के फुटेज में नजर आ रहे हैं। पुलिस के अफसर और कांस्टेबल तक बड़ी टीम इस चोरी की घटना की जानकारी हासिल करने में लगी है। आनंद परसाई ने बताया कि चोर सामने से ही दीवार फांदकर घुसे और ताला तोड़कर भीतर पहुंचे। उन्होंने अलमारी में से नगदी और सोने के जेवर चुराकर ले गये।

इनका कहना है

सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद कुछ संदिग्धों को लेकर आए हैं, जिनसे पूछताछ की जा रही है। जल्द ही मामले के आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

गौरव सिंह बुंदेला, टीआई

कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थकों ने संभाला चुनाव में मोर्चा

अन्याय को खत्म करें आओ सब साथ चलें : पुष्पराज

सोहागपुर, देशबन्धु। कांग्रेस प्रत्याशी पुष्पराज सिंह पटेल के पिता के देहांत के बाद लोगों की भावनाएं चरम सीमा पर हैं। पुष्पराज सिंह पटेल पिता का अंतिम संस्कार करने के बाद दूसरे दिन से जनता के बीच जाकर सिर्फ हांथ जोड़कर आशीर्वाद की आकांक्षा रख रहे हैं। चूंकि चुनाव की तिथि नजदीक है और पुष्पराज अधिक ग्रामों का दौरा न कर पाने की स्थिति में नहीं है। इसलिए उन्होंने जनता से अपील के रूप में एक पोस्ट डाली थी 'जिसमें लिखा था कि, हो सकता है कि मैं आपके द्वार तक न पहुंच पाऊं इसलिए अब आप खुद को प्रत्याशी समझें...। इस पोस्ट के बाद आम नागरिकों और खासकर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्पराज के समर्थन में मार्मिक पोस्ट 'अब मैं भी पुष्पराज हूं...' डाली जा रही है, लोग न सिर्फ उनके प्रति संवेदनाएं व्यक्त कर रहे हैं, बल्कि दुख की इस घड़ी में उनके साथ भी खड़े हैं।

इधर आम नागरिकों और ग्रामीणों का कहना है कि पुष्पराज हमारे पैर पड़ते हैं वो किसी का भतीजा है, भांजा है, छोटा भाई है, दोस्त है, वह झुककर सबके सामने पैर पढ़ने में शर्म नहीं करता। जबकि भाजपा के विधायक पैर पड़वाते हैं, हमें सम्मान चाहिए जो पुष्पराज हमें दे रहा है। पुष्पराज सिंह पटेल के समर्थन में अब सामान्य कार्यकर्ता भी सड़कों पर उतरकर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। शोभापुर में आज कांग्रेसी एकजुट होकर लोगों से कांग्रेस के वचन पत्र का उल्लेख करते हुए लोगों से अपनी बात रख रहे हैं तो वहीं कांग्रेस प्रत्याशी पुष्पराज सिंह पटेल ने कल अपने जनसंपर्क के दौरान अकोला, बमारी, सुकरी, मनकवाड़ा सहित माखननगर के ग्रामीण अंचलों में जाकर लोगों से मिलकर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की।

माखन नगर : भाजपा के घर में सेंध लगाने की जद्दोजहद – माखननगर से भाजपा को 3 विधान सभा के हुए चुनावों के परिणाम को देखते हुए कांग्रेस इस बार माखननगर से आरपार की लड़ाई लड़ने के मूड में नजर आ रही है। इसी उद्देश्य को ध्येय बनाते हुए माखननगर में एडी चोटी का जोर लगाते हुए भाजपा के वोट बैंक पर सेंध लगाने की कोशिश कर रही है।

पुष्पराज ने कहा कि असली लड़ाई माखननगर में ही है । मैं बीते 16 साल से माखननगर में डेरा डाले हुए हूं। पुष्पराज सिंह पटेल ने मैं हूं पुष्पराज सिंह पटेल के चल रहे ट्रेंड के बारे में कहा लोगों ने मुझे व्यक्तिगत रूप से कॉल करके कहा कि भैया आप मत निकलिए मैं हूं न प्रत्याशी , मैं ही हूं पुष्पराज... कहकर संबल प्रदान किया । लेकिन पारिवारिक जिम्मेदारियां निभाने के साथ मुझे मुझे विधान सभा के विश्वास पर भी खरा उतरना है ।

मशीन में साड़ी फंसने से घायल महिला की मौत

इटारसी, देशबन्धु। विगत 6 नवंबर को धान साफ करने वाली मशीन में साड़ी फंसने से आयी चोटों से घायल महिला एम्स अस्पताल भोपाल में उपचार के दौरान जिंदगी की जिंदगी की जंग हार गयी है। पुलिस के अनुसार घटना 6 नवंबर को दोपहर में करीब ढाई बजे घटी थी जिसमें ग्राम धौंखेड़ा निवासी कविता पति नेतिराज चौरे 27 वर्ष धान साफ करने वाली मशीन में साड़ी फंसने के बाद गंभीर रूप से घायल हो गयी थी। उसे गंभीर अवस्था में प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर किया था। एम्स में उपचार के दौरान महिला ने 14 नवंबर को दम तोड़ दिया। एम्स के डॉ. कृष्ण कुमार की ओर से थाना बाग सेवनिया को मृत्यु की सूचना दी गई।

मतदान केन्द्रों के कवरेज के लिए आयोग के दिशा-निर्देश

नर्मदापुरम,देशबन्धु। मतदान के कवरेज के लिए मीडिया कर्मियों को जारी प्राधिकार–पत्र अहस्तांतरणीय है। जिस मीडिया कर्मी के नाम से प्राधिकार पत्र जारी किया गया है, केवल वही व्यक्ति इसका उपयोग करेंगे। प्राधिकार–पत्र धारक मीडिया कर्मियों को मतदान के कवरेज के दौरान रिटर्निंग अधिकारियों, सहायक रिटर्निंग अधिकारियों, पीठासीन अधिकारियों, मजिस्ट्रेट, ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों के सभी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा। मीडिया प्राधिकार–पत्र धारक की पहचान के बारे में पीठासीन अधिकारी अपनी संतुष्टि करेंगे। मीडियाकर्मी को अपने प्राधिकार–पत्र के साथ पहचान के लिए अपना सहज पहचान पत्र और मीडिया संस्थान द्वारा जारी परिचय–पत्र साथ रखना होगा। मतदान की गोपनीयता भंग न हो, इसलिए मतदान केन्द्र के अन्दर किसी भी प्रकार की फोटो खींचना या वीडियो फिल्म बनाना सख्त मना है। मतदान केन्द्र से 100 मीटर के क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति का साक्षात्कार लेना प्रतिबंधित है।

कांग्रेस ने बिरसा मुंडा को जयंती पर किया याद

सोहागपुर, देशबन्धु। माखन नगर में बिरसामुंडा की जयंती पर एक कार्यक्रम का आयोजन रखा गया जिसमें सभी कांग्रेस के द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए गए। प्रत्याशी पुष्पराज पटेल ने कहा भगवान बिरसा मुंडा आदिवासियों की शान है उन्होंने हमें बहुत कुछ सिखाया है उन्होंने कम संसाधनों मेंअंग्रेजों के खिलाफ युद्ध लड़ा और एक सीख दी की व्यवस्था भले ही काम हो आत्म बल और कार्य करने की शक्ति होना चाहिए। उन्हीं के पद चिन्ह पर चलकर हम भाजपा के शक्तिशाली प्रत्याशी से मुकाबला कर रहे हैं आदिवासी भाई मेरे साथ हैं तो मुझे डरने की जरूरत नहीं हम चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे।

कार्यक्रम में भारी मात्रा में आदिवासी और माखन नगर के ग्रामीण एकत्रित हुए बुधवार को प्रचार का अंतिम दिन था भाजपा प्रत्याशी विजयपाल और कांग्रेस प्रत्याशी पुष्पराज सहित निर्दलीयों ने अपनी पूरी ताकत प्रचार में झोंक दी है पुष्पराज ने लगभग एक दर्जन ग्रामों का दौरा कर अपने लिए समर्थन मांगा भाजपा के अभेद गढ़ को तोड़ने के लिए जी जान से मेहनत कर रहे हैं जिसमें उन्हें सफलता मिलती दिखाई दे रही है । पटेल ने बताया कि मुहासा, मांगरोल, ढूंढई ,माजलपुर जोरदार स्वागत किया गया कई ग्रामों में उनका तुलादान किया गया 17 नवंबर को मतदान है बुधवार शाम 6:00 बजे प्रचार समाप्त हो गया है अब प्रत्याशी डोर टू डोर घर–घर जाकर संपर्क करेंगे

कलेक्टर नीरज कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जागरूकता कार्यक्रम

राजेश पाराशर नवाचारी प्रयोग से बता रहे हैं, हर वोट है कीमती

इटारसी, देशबन्धु। रसायन के प्रयोग अब प्रयोगशाला से निकल कर वार्डों तथा चौपालों तक पहुंच गये हैं। इन स्थानों के मतदाता ये प्रयोग अध्ययन के लिये नहीं बल्कि इन चुनावों में हर मत की अहमियत को समझने के लिये समझ रहे हैं।विज्ञान शिक्षक राजेश पाराशर नवाचारी प्रयोग से हर एक वोट की कीमत बता रहे हैं। इन प्रयोगों को नर्मदापुरम कलेक्टर नीरज कुमार सिंह के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।राजेश पाराशर ने कहा कि करके देखो और समझो का सिद्धांत सीखने का सबसे अच्छा मंत्र होता है, इस बात को ध्यान में रखते हुये इस नवाचारी जागरूकता कार्यक्रम को किया जा रहा है। प्रयोग में प्रतीकात्मक वोट डाले जाते हैं। जैसे–जैसे वोट डलते जाते हैं, प्रतीकात्मक सरकार का रंग बदलते जाता है। इस कार्यक्रम में नवमतदाताओं को ईवीएम से वोट देने का सही तरीका भी समझाया जा रहा है। कार्यक्रम में एमएस नरवरिया ने सहयोग किया।

कैसे होता है यह प्रयोग

एक फ्लास्क को प्रतीकात्मक सरकार के रूप में रखा गया है। इसमें 7 टेस्टटयूब को मतदाताओं के रूप में प्रदर्शित किया गया है। सभी वोट पानी की तरह रंगहीन हैं। जब पहली और दूसरी वोट डाली जाती है तो सरकार का कोई रंग नहीं दिखता लेकिन तीसरी वोट डालते ही वह गुलाबी हो जाती है। चौथी वोट डालने पर वह फिर रंगहीन हो जाती है। पांचवी वोट डालने पर वह गहरा बैगनी हो जाती है तो छटवी वोट डालने पर हल्का जामुनी रंग दिखने लगता है। सातवी वोट इसका रंग फीका कर देती है। इस प्रयोग से बताया जाता है कि हर एक वोट हर आने वाली सरकार को निर्धारित करने में महत्व रखती है। तो इन चुनावों में हर एक मतदाता को अपनी जिम्मेदारी समझना बहुत जरूरी है। तो मतदान केंद्र पर पहुंच कर करें मतदान एक जिम्मेदार मतदाता के रूप में।

छत पर रखी सेनेटाइजर की बोतल पर गिरा राकेट, पास बैठा बच्चा झुलसा

इटारसी, देशबन्धु। 12 बंगला के पास व्यंकटेश नगर में एक जलता हुआ राकेट छत पर रखे सेनेटाइजर की एक बोतल पर गिरने से लगी आग में दो में से एक बच्चा बुरी तरह से झुलस गया। उसको उपचार के लिए नर्मदा अस्पताल नर्मदापुरम में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है। जलता राकेट गिरने से ज्वलनशील होने के कारण सेनेटाइजर की बोतल में आग लग गई, इसके बाद विस्फोट हो गया।

इस हादसे में छत पर बैठे दो भाई आग की चपेट में आ गए, इनमें एक बुरी तरह आग में जल गया है। हालत बिगड़ने पर एक बच्चे को नर्मदा अपना अस्पताल में भर्ती किया है। अस्पताल प्रबंधक मनोज सारन ने बताया कि 12 बंगला निवासी स्टुडियो संचालक इन्द्रराज सिंह राठौर के दोनों बच्चे 13 वर्षीय ईशान सिंह राठौर एवं 15 वर्षीय नैतिक

सिंह राठौर नहाकर अपने घर की छत पर बैठे थे, उनके पास ही घर की सफाई में कोविड के दौरान लिया करीब 1 लीटर सेनेटाइजर की बोतल भी रखी थी। अचानक जलता हुआ राकेट सेनेटाइजर की बोतल पर गिरा, इससे बोतल के सेनेटाइजर में आग लग गई। इस आग की चपेट में आने से ईशान सिंह बुरी तरह झुलस गया, उसके दोनों पैर, हाथ, चेहरा एवं आंतरिक हिस्सा जल गया है, आग की चपेट में उसका बड़ा भाई भी आ गया, जिसकी आंखों और चेहरे पर घाव आ गए।

बच्चों के पिता इन्द्रराज सिंह ने बताया कि अचानक यह हादसा हुआ। घटना के बाद स्वजन नीचे थे, बच्चों की चीख पुकार सुनने के बाद सभी दौड़कर छत पर पहुंचे। छत के पास खड़े एक युवक ने बताया कि ऊपर से उड़ता हुआ एक राकेट आया था। यह राकेट सीधे सेनेटाइजर की बोतल पर गिरा, इससे अचानक आग भड़क गई। करीब 1 लीटर सेनेटाइजर होने से आग भड़क गई थी। नर्मदा अस्पताल में दोनों बच्चों का इलाज किया गया है।

5 हजार से अधिक कर्मचारी कराएंगे मतदान, 1306 मतदान दलों को विधानसभावार मतदान केंद्र आवंटित

नर्मदापुरम, देशबन्धु। जिले में विधानसभा निर्वाचन में कुल 5224 कर्मचारी मतदान संपन्न कराएंगे। जिले के चारों विधानसभा में निर्धारित कुल 1187 मतदान केंद्रों पर 1306 मतदान दल नियोजित किए गए हैं, जिनमें 698 मतदान केंद्रों पर पुरुष, 208 केंद्रो पर केवल महिलाएं एवं 281 मतदान केंद्रों पर दो पुरुष और दो महिलाएं मतदान कराएंगे। साथ ही 119 मतदान दल रिजर्व रखे गए हैं। बुधवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित एनआईसी में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह एवं निर्वाचन प्रेक्षकों की उपस्थिति में सीईएमएस पोर्टल के माध्यम से कर्मचारियों का तृतीय रेंडमाईजेशन किया गया। इस रेंडमाइजेशन के द्वारा विधनसभा निर्वाचन हेतु अधिकारियों ,कर्मचारियों एवं माइक्रो ऑब्जर्वर के रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया पूर्ण हुई। जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी मनीष गुणवान द्वारा पोर्टल पर रेंडमाइजेशन किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस प्रक्रिया से प्रत्येक विधानसभा

क्षेत्र के लिए कर्मचारियों को मतदान केंद्र आवंटित किए गए हैं। इससे पूर्व भी ईवीएम का रेंडमाईजेशन सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के सामने कराया जा चुका है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में मतदान प्रक्रिया को पूर्ण रूप से पारदर्शी एवं निष्पक्षता से कराने के लिए रेंडमाइजेशन किया गया है। उन्होंने बताया कि रेंडमाइजेशन की इस प्रक्रिया से मतदान दलों का गठन किया गया है तथा उन्हें विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केंद्र आवंटित किये गए हैं। विधानसभा निर्वाचन में सभी विधानसभा क्षेत्रों में ऑल वुमेन मैनेज पोलिंग बूथ भी बनाए गए हैं। जहां केवल महिला मतदान कर्मियों की ड्यूटी रहेगी। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार ये सभी महिला मतदान कर्मी संबंधित विधानसभा क्षेत्र से ही रहेंगी। विधानसभा का चुनाव कराने गठित मतदान दलों में शामिल अधिकारियों –कर्मचारियों की तृतीय रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षकों की मौजूदगी में संपन्न हुई। होशंगाबाद और सिवनीमालवा विधानसभा के केंद्रीय सामान्य प्रेक्षक आर गिरिश और सोहागपुर और पिपरिया के प्रेक्षक सुहास एस मौजूद रहें। प्रेक्षकों द्वारा जिला प्रशासन द्वारा संपन्न कराई गई रेंडमाईजेशन की कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया गया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार सिंह, उपसंचालक कृषि जेआर हेडाऊ सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। डीआईओ ने बताया कि सिवनीमालवा विधानसभा के 318 मतदान केंद्रों के लिए 350 मतदान दल, होशंगाबाद विधानसभा के 238 मतदान केंद्रों के लिए 262 मतदान दल, सोहागपुर के 314 मतदान केंद्रों के लिए 345 मतदान दल एवं पिपरिया के 317 मतदान केंद्रों के लिए 349 मतदान दलों को केंद्र आवंटित किए गए। 335 क्रिटिकल मतदान केंद्रों के लिए केंद्रवार माइक्रो ऑब्जर्वर भी नियोजित किए गए हैं। सिवनीमालवा में 96, होशंगाबाद में 69, सोहागपुर में 81 एवं पिपरिया में 89 क्रिटिकल मतदान केंद्र बनाएं गए हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने भोपाल और बैरसिया में किया सभा को सम्बोधित, बोले-

आधुनिक भारत बनाने का काम पंडित नेहरु ने किया

भोपाल, देशबन्धु। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़ने ने कहा कि आज देश में जो संविधान और लोकतंत्र बचा है वह कांग्रेस ने बचाया है। भाजपा के लोग कांग्रेस से पूछते हैं कि हमने 70 साल में क्या किया, हम उन्हें बताना चाहते हैं कि आजादी के बाद इस देश में सुई तक नहीं बनती थी, लेकिन हमने सुई से लेकर रॉकेट तक बनाने का काम किया है। बड़े-बड़े कारखाने, एम्स जैसी संस्थान, मेडिकल कॉलेज, बड़े-बड़े बांध बनाने का काम कांग्रेस सरकार ने किया है। श्री खड़गे ने आज भोपाल और बैरसिया में कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए ये बात कही। इस दौरान उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा का स्मरण करते हुए कहा कि आजादी की लड़ाई में बिरसा मुंडा और उनके साथियों ने बहुत महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

श्री खड़गे ने भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि 18 साल में भाजपा की सरकार ने मध्य प्रदेश में व्यापमं जैसे घोटाले किए, परीक्षा लीक करने का काम किया है, पटवारी जैसे घोटाले किए है। भाजपा सरकार में किसानों पर 25 हजार रुपए का टैक्स लगा हुआ है। आज कीटनाशक पर 5 प्रतिशत टैक्स

आंदोलन के दौरान किसानों पर दर्ज मुकदमें वापस लेंगे

है, ट्रैक्टर पर 12 प्रतिशत टैक्स है वहीं भाजपा के लोग कहते हैं कि हम किसानों की आमदनी को दोगुना कर देंगे जो कि पूरी तरह झूठी बात है। इस चुनावी सभा में उन्होंने दावा किया कि कर्नाटक में 40 प्रतिशत कमीशन की भाजपा सरकार थी जो हमने उखाड़ के फेंकी यहां पर 50 प्रतिशत कमीशन की सरकार है, हम यहां पर भी उखाड़ कर फेंकेंगे।

भाजपा ने नहीं, बाबा साहब अम्बेडकर ने दिया संविधान

उन्होंने कहा कि भाजपा ने इस देश को संविधान नहीं दिया, इस देश को संविधान बाबा साहब अंबेडकर ने जवाहरलाल नेहरू ने सरदार पटेल ने दिया है। भाजपा ने आजादी की लड़ाई भी नहीं लड़ी है। यह हमारे देश का सौभाग्य है कि यहां पर गाँधी जी, डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर और नेहरू जी जैसे महान नेताओं पैदा हुए जिन्होंने हमको ऐसा संविधान और लोकतंत्र दिया जो सभी को समानता का अधिकार देता है।

वाहनों पर रोक लगाने के खिलाफ भाजपा पहुंची चुनाव आयोग

भिंड कलेक्टर को हटाने की मांग

भोपाल, देशबन्धु। भिंड जिले में कलेक्टर ने विधानसभा चुनाव के मतदान के दिन 17 नवंबर को वाहनों के संचालन पर पूरी तरह रोक लगा दी है। इस फैसले के खिलाफ भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय रेल मंत्री व प्रदेश चुनाव सह प्रभारी अश्विनी वैष्णव के नेतृत्व में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के पास शिकायत दर्ज कराई। भाजपा ने भिंड कलेक्टर को हटाने की मांग की है।

भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन से भिंड जिला दंडाधिकारी द्वारा 17 नवंबर को मतदान के दिन जिले में वाहनों के संचालन पर पूरी तरह से रोक लगाने की शिकायत की है और भिंड जिला दंडाधिकारी के आदेश को निरस्त कराने की मांग के साथ उन्हें हटाकर नए अधिकारी को पदस्थ किए जाने की मांग की है।

भाजपा ने आयोग के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि मतदान दिवस पर निजी वाहनों के संचालन के संबंध में स्पष्ट निर्देश हैं कि निजी वाहनों का उपयोग वाहन मालिक निजी कार्यों के लिए कर सकते हैं, वाहनों का उपयोग चुनाव कार्य में नहीं किया जा सकता। वाहन मालिक निजी वाहनों का उपयोग अपने परिवार के लोगों को मतदान केंद्र तक पहुंचाने में कर सकता है, लेकिन मतदान केंद्र से 200 मीटर के दायरे में वाहन नहीं ले जा सकेगा। भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग से मांग की है कि अगर मध्य प्रदेश के किसी अन्य जिले में अधिकारियों द्वारा वाहनों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाये जाने संबंधी आदेश यदि जारी करते हैं, तो उन पर भी तत्काल रोक लगाई जाए।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने किया दावा

भाजपा ऐतिहासिक बहुमत से फिर बनाएगी सरकार

पन्ना, देशबन्धु। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने दावा करते हुए कहा कि भाजपा खजुराहो संसदीय क्षेत्र की सभी विधानसभा सीटों को जीतकर राज्य में ऐतिहासिक बहुमत के साथ एक बार फिर सरकार बनाएगी।

उन्होंने यहां पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीति में सुचिता लाने का कार्य किया है, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने राजनीति का अपराधीकरण कर रही। प्रदेश अध्यक्ष का आरोप है कि कांग्रेस ने छतरपुर और पन्ना जिले में अपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों को उम्मीदवार बनाया है। इससे यह सिद्ध होता है कि कांग्रेस प्रदेश की राजनीति में अपराधीकरण को पुनर्स्थापित करने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने आपराधिक छवि के लोगों को राजनीति से गायब करने का कार्य किया है। वर्ष 2003 से पहले मध्यप्रदेश में डकैतों की बड़ी समस्या थी। भाजपा सरकार बनने के बाद डकैत समस्या का उन्मूलन किया गया। सिमी के नेटवर्क को ध्वस्त करने के साथ अपराधिक प्रवृत्ति को समाप्त करने का कार्य किया गया है।

उन्होंने कहा कि देश में सबसे अधिक विदेशी पर्यटक बीते एक वर्ष में पन्ना टाइगर रिजर्व में पहुंचे हैं। खजुराहो हेरिटेज के साथ आईकॉनिक सिटी तो है ही, पन्ना भी कम नहीं है। पन्ना का विकास प्रदेश सरकार के मंत्री और स्थानीय भाजपा प्रत्याशी बृजेंद्र प्रताप सिंह की मेहनत का परिणाम है। पन्ना में मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए श्री सिंह ने ही प्रयास से मेडिकल कॉलेज की मंजूरी मिल सकी। विधानसभा चुनाव की आचार संहिता समाप्त होते ही पन्ना मेडिकल कॉलेज का भूमिपूजन किया जाएगा।

कांग्रेस के पास विकास का कोई विजन नहीं : फडणवीस

छिंदवाड़ा, देशबन्धु। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि कांग्रेस कभी विकास नहीं कर सकती क्योंकि उसके पास विकास का कोई विजन नहीं है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश का यह चुनाव प्रदेश के भविष्य तय करेगा। प्रदेश में डबल इंजन की सरकार होगी तो विकास का क्रम जारी रहेगा और प्रदेश विकसित राज्य की राह पर जो बड़ रहा है वो जल्दी पूरा हो जाएगा। उन्होंने आज सौंसर के पीपला और पांढुर्ना में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित सभा में कही। फडणवीस ने कहा कि कमलनाथ और कांग्रेस के शासन में प्रदेश का विकास नहीं हो सका। कांग्रेस ने सिर्फ घोटाले ही घोटाले किए। 2003 के पहले का मध्यप्रदेश और आज के मध्यप्रदेश में जमीन आसमान का अंतर है।

उन्होंने आरोप लगाया कि कमलनाथ की सरकार ने सौंसर में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा तोड़ने का काम किया। जैसे ही शिवराज की सरकार बनी यहा भव्य प्रतिमा लगाई गई। सौंसर में चमत्कारी श्री हनुमान मंदिर में आज तक कमलनाथ ने एक रुपया भी नहीं दिया, लेकिन शिवराज सरकार ने मंदिर निर्माण के लिए 314 करोड़ रुपये प्रदान किये जिसका कार्य तीव्र गति से चल रहा है।

फडणवीस ने कहा कि आज भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर आदिवासी समाज के जननायक, जिन्होंने जल, जमीन और जंगल के लिए अंग्रेजों से लोहा लेकर अधिकार हासिल किया। उन्होंने कहा कि पांढुर्णा को जिला बनाने का काम भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया। इस अवसर पर बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील मोदी, नागपुर के विधायक प्रवीण दडके, प्रियवर सिंह ठाकुर, संतोष जैन, प्रदेश प्रवक्ता अजय धवले उपस्थित थे।

कांग्रेस मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने कहा-

भाजपा सरकार ने लोगों की उम्मीदें तोड़ीं

भोपाल, देशबन्धु। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी मीडिया एवं पब्लिसिटी विभाग के चेयरमेन पवन खेड़ा ने कहा कि मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार ने यहां के लोगों की उम्मीदें तोड़ने का काम किया है, यहां पर हर 3 घंटे में एक दुष्कर्म की घटना होती है। सोयाबीन के किसानों में गुस्सा है, आदिवासियों के पट्टों के साथ जो हुआ उसके कारण उनमें भी गुस्सा है। उन्होंने कहा कि आज मध्यप्रदेश के टूटे दिल को जोड़ने की आवश्यकता है, एक ऐसी सरकार की आवश्यकता है, जो जनता के आंसू पोंछे और जिस पर लोग यकीन करें, सुबह ज़ब बेटी पढ़ने जाए तो सही सलामत घर लोटे और युवाओं को पढ़-लिखकर नौकरी मिल सके, ऐसी सरकार की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हम अपनी सकारात्मक के साथ जनता के आंसू पोछेगें, उम्मीद बढ़ाएंगे और आपको भरोसा दिलाएंगे, ताकि आपका वोट व्यर्थ नहीं जाएगा, धोका नहीं होगा। वह आज प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता को सम्बोधित कर रहे थे।

श्री खेड़ा ने वचनपत्र की बात करते हुए उन्होंने कहा कि हम महिलाओं को 15 सौ रुपये देंगे। उन्होंने कहा कि अभी तक घोषणा पत्र आते थे, वादे आते थे, लेकिन राहुल जी ने 2018 में कहा था कि अब हम वचन पत्र या गारंटी देंगे और हम सभी ने उसको माना, इसलिए आज मध्यप्रदेश में हमारा वचनपत्र आपके सामने है। उन्होंने कहा कि हम किसानों को अच्छा समर्थन मूल्य भी देंगे, सोयाबीन की किसानों के साथ हुए अत्याचार को भी ठीक करेंगे। इस सरकार के द्वारा आदिवासियों के साथ जो किया गया है उसको भी ठीक करेंगे। श्री खेड़ा ने ये भी आरोप लगाया कि हम जिन मुद्दों पर चुनाव लड़ रहे हैं, उनसे ध्यान भटकाने के लिए मोदी-शाह बार-बार मध्य प्रदेश आ रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है, प्रदेश में कमलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस की प्रचण्ड बहुमत की सरकार बन रही है।

मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ में चुनाव प्रचार थमा

भोपाल/रायपुर, देशबन्धु। मध्य प्रदेश की 230 विधानसभा सीटों और छत्तीसगढ़ की 70 सीटों के लिए 17 नवंबर को होने वाले मतदान के लिए बुधवार की शाम को चुनाव प्रचार थम गया। दोनों ही राज्यों में सियासी दलों ने मतदाताओं को लुभाने के लिए प्रचार के जरिए पूरा जोर लगाया, प्रचार के अंतिम दिन सभाओं का सिलसिला जारी रहा। मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव में कुल 2,533 उम्मीदवार भाग्य आजमा रहे है, इनमें 2,280 पुरुष, 252 महिला और एक थर्ड जेंडर उम्मीदवार शामिल हैं। राज्य में एक चरण में 17 नवंबर को सभी 230 विधानसभा क्षेत्र में मतदान होना है। मतदान सुबह 7 से शाम 6 बजे तक होगा। मतदाताओं की कुल संख्या 5,61,36,229 है, जिसमें 75,304 सर्विस वोटर शामिल हैं। राज्य में सामान्य मतदाताओं की संख्या 5,60,60,925 है, जिनमें से 2,88,25,607 पुरुष और 2,72,33,945 महिला के अलावा 1,373 थर्ड जेंडर मतदाता हैं।

17 नवंबर को होगा मतदान

वहीं, छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के अंतर्गत दूसरे चरण में 70 विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले मतदान के लिए प्रचार का शोर थम गया। राज्य की 90 विधानसभा सीटों के लिए दो चरणों में मतदान हो रहा है, पहले चरण में 20 सीटों पर मतदान हुआ तो दूसरे चरण में 70 सीटों पर मतदान होने वाला है। यह मतदान 17 नवंबर को होगा। नियमों के मुताबिक मतदान की समाप्ति समय के 48 घंटे पूर्व से सार्वजनिक मंचों से प्रचार-प्रसार प्रतिबंधित रहेगा। इस दौरान प्रत्याशी घर-घर जाकर जनसंपर्क कर सकेंगे। द्वितीय चरण के 70 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 958 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमा रहे हैं, जिनमें 827 पुरूष, 130 महिला और एक तृतीय लिंग हैं। द्वितीय चरण के मतदान के दौरान प्रदेश के 1 करोड़ 63 लाख 14 हजार 479 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, इनमें 81 लाख 41 हजार 624 पुरुष, 81 लाख 72 हजार 171 महिला तथा 684 तृतीय लिंग मतदाता शामिल हैं।

कमलनाथ ने छिंदवाड़ा में सभा को किया सम्बोधित, बोले-

यह सत्ता का नहीं बल्कि सच्चाई का चुनाव

छिंदवाड़ा, देशबन्धु। पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि यह चुनाव सत्ता का नहीं बल्कि सच्चाई का चुनाव है। जब आप मतदान करने के लिए बटन दबाए तो कांग्रेस के वचन पत्र को जरूर ध्यान में रखियेगा। उन्होंने कहा कि यह चुनाव छिंदवाड़ा के भविष्य का चुनाव है और प्रदेश के भी भविष्य का चुनाव है।

कमलनाथ आज छिंदवाड़ा जिले के जुन्नारदेव विधानसभा के जामई में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज से 42 साल पहले लोग छिंदवाड़ा के बारे में जानते भी नहीं थे और पूछते थे कि छिंदवाड़ा कहां है। कमलनाथ ने कहा कि जानते हैं कि छिंदवाड़ा का विकास किस तरह से हुआ है और आज छिंदवाड़ा कहां से कहां पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि छिंदवाड़ा अब लोगों को नौकरी देता है। छिंदवाड़ा में जो आर्थिक गतिविधि बनी उससे हमारे बाजारों में रोशनी आई, हमने छिंदवाड़ा में 75 हजार किसानों का कर्ज माफ किया। कमलनाथ ने कहा कि हम किसानों का फिर से कर्ज माफ़ करेंगे, हमारी सरकार आने पर हम गेहूं के लिए 26 सौ रुपये और धान के लिए 25 सौ रुपये समर्थन मूल्य देंगे। हम बच्चियों के विवाह के लिए एक लाख एक हजार रुपये देंगे। हम स्कूली बच्चों को पढ़ो और पढ़ाओं योजना के जरिए 5 सौ से 15सौ रुपये स्कॉलरशिप देंगे। कांग्रेस की सरकार आने पर हम सभी माताओं और बहनों को 15 सौ रुपये प्रति माह सम्मान राशि देंगे, गैस का सिलेंडर 5 सौ रुपये में देने का काम करेंगे। हम अपने प्रदेश के नौजवानों के लिए प्राथमिकता से काम करेंगे।

उन्होंने कहा कि मैं माताओं और बहनों को बताना चाहता हूं कि शिवराज सिंह चौहान के लिए पिछले 18 सालों से क्या आप लाडली बहना नहीं थी, चुनाव के दो महीने पहले आपको लाडली बनाया है। छिंदवाड़ा की जनता से उन्होंने कहा कि आपको चिंता करने की आवश्यकता नहीं है, हमारी सरकार आने पर हम 15 सौ प्रति महीने देने का काम करेंगे साथ में 5 सौ में गैस सिलेंडर भी देंगे।

केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने सिहोरा में किया जनसभा को सम्बोधित, कहा-

स्वर्णिम प्रदेश बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेगी भाजपा

जबलपुर, देशबन्धु। केंद्रीय मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी ने कहा कि भाजपा हमेशा विकास की बात करती है। भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने विकास करके प्रदेश को विकसित राज्य बनाया है। फिर एक बार भाजपा की सरकार बनाइए, भाजपा आपके प्रदेश को स्वर्णिम प्रदेश बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। वह सिहोरा में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में जनसमर्थन जुटाने सभा को सम्बोधित कर रही थीं।

श्रीमती स्मृति ईरानी ने बालाघाट जिले की कटंगी विधानसभा क्षेत्र में भी पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार हमेशा जनता को लाभान्वित करने वाली योजनाएं संचालित करती है, ताकि जनता को अधिक से अधिक सीधे लाभ पहुंचाया जा सके। श्रीमती ईरानी ने कहा कि भाजपा की सरकार में आम जनमानस का जीवन स्तर खुशहाल हुआ है। इसी विकास की निरंतरता को बनाए रखने आप सबको पुन: मध्यप्रदेश में भाजपा की सरकार चुनना है।

केंद्रीय मंत्री श्रीमती ईरानी ने कहा कि आप सभी कमल का साथ दें, कमल का बटन दबाकर भाजपा प्रत्याशी को प्रचंड मतों से जिताएं। इस अवसर पर जबलपुर जिला ग्रामीण अध्यक्ष सुभाष रानू तिवारी, राजेश दहिया, अंकित तिवारी, प्रवीण कुररिया, आदित्य सोनी सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय जनता उपस्थित थे।

मप्र की सियासत में केंद्रीय मंत्री के बेटे के वीडियो ने बढ़ाई हलचल

भोपाल, देशबन्धु। विधानसभा चुनाव के बीच वायरल हुए तीन वीडियो ने राज्य की सियासत में हलचल पैदा कर दी है। कांग्रेस जहां हमलावर है और केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर का इस्तीफा मांग रही है, वहीं भाजपा तोमर के बचाव में खड़ी है।

राज्य में बीते लगभग एक सप्ताह के दौरान सोशल मीडिया पर तीन वीडियो वायरल हुए। इन वीडियो को कांग्रेस की ओर से मुद्दा बनाया गया और उसे साझा भी किया गया है। यह वीडियो केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के बेटे देवेंद्र प्रताप सिंह से जुड़े हुए हैं। दो ऐसे वीडियो वायरल हुए हैं जिनमें कथित तौर पर देवेंद्र प्रताप सिंह किसी अन्य व्यक्ति से करोड़ों के लेनदेन की बात कर रहे हैं। तीसरा वीडियो उसी जगमगदीप का आया है जो देवेंद्र प्रताप से बातचीत कर रहा है। जगमगदीप के बयान के आधार पर कांग्रेस की ओर से आरोप लगाया गया है कि 100- 200 करोड़ का यह मामला नहीं है बल्कि 10,000 करोड़ तक का है। लगातार सामने आ रहे इन वीडियो ने चुनाव में एक नए मुद्दे को जन्म दे दिया है। कांग्रेस इसे मुद्दा बना रही है। राहुल गांधी, प्रियंका गांधी से लेकर प्रदेश अध्यक्ष कमल नाथ तक भाजपा पर इन वीडियो को लेकर हमलावर हैं। कांग्रेस की ओर से सवाल उठाए गए हैं कि आखिर क्या वजह है जो वीडियो सामने आने के बावजूद एडी, आईटी और सीबीआई शांत बैठे हैं। नरेंद्र सिंह तोमर ने इसे साजिश करार दिया है और कहा है कि इस मामले की मेरे पुत्र ने शिकायत की है और जांच के लिए आवेदन भी दिया है।

भाजपा के मीडिया विभाग के प्रमुख आशीष अग्रवाल ने जगमग दीप के वीडियो के स्क्रीन शार्ट के साथ कहा है, देखिए षड्यंत्र की पोल अब खुलनी शुरू हो गई, यह शख्स अपने मोबाइल में जो दिखा रहा है वह उसी में फंस गया, वह जब पुलिस के सामने जाएगा और पुलिस की जांच से गुजरेगा तो उसका क्या होगा। इसने जो स्क्रीनशॉट दिखाया वह किसी ऑक्सीजन कंन्सट्रेटर कंपनी का है। फॉरेंसिक जांच जब होगी तो प्याज के छिलकों की तरह कांग्रेसी षड्यंत्र की परतें भी खुलेंगी।

वीडियो बदनाम करने की साजिश

केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने अपने बेटे के कथित वायरल वीडियो को लेकर कांग्रेस की तरफ इशारा करते हुए हमला बोला है। उन्होंने कहना है कि यह सब एक साजिश के तहत किया जा रहा है। वहीं इस पूरे मामले में केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने एक्स पर लिखा, आज मेरे बेटे से जुड़ा एक फर्जी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। यह चुनाव के समय विपक्ष द्वारा इसी मकसद से की जा रही एक सोची-समझी साजिश का हिस्सा है। तोमर ने आगे लिखा कि पूर्व में इस तरह के झूठे वीडियो के संबंध में मेरे पुत्र देवेंद्र प्रताप सिंह तोमर ने पुलिस जांच हेतु आवेदन भी किया था, मैं आज पुन्-इस वीडियो की ष्टन्नस्रुजांच हेतु एजेंसियों से मांग करता हूं, ताकि सत्य बाहर आ सके और षड्यंत्र उजागर हो सके।

मामला राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा, जांच जरूरी

केंद्रीय मंत्री और दिमनी विधानसभा क्षेत्र के उम्मीदवार नरेंद्र सिंह तोमर के बेटे देवेंद्र प्रताप सिंह तोमर के लेन देन के सामने आए तीन कथित वीडियों को लेकर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ ने भाजपा पर बड़ा हमला बोला और कहा कि यह मामला किसी व्यक्ति या पार्टी का नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और नशे के कारोबार से जुड़ता हुआ दिख रहा है, इसलिए जांच जरुरी है। कमलनाथ ने एक्स पर लिखा, 'मैं भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से जानना चाहता हूं कि उनके लिए सबसे पहले पार्टी और परिवार का हित है या देशहित। कथित तौर पर 100 करोड़ रुपए के लेनदेन से शुरू हुआ मामला अब 10,000 करोड़ रुपए तक के लेनदेन तक पहुंच चुका है। इसमें मादक पदार्थों के व्यापार और कनाडा से सीधा संबंध दिखाया जा रहा है। यह मामला अब किसी व्यक्ति या पार्टी का नहीं है, बल्कि सीधे राष्ट्रीय सुरक्षा और नशे के कारोबार से जुडता हुआ दिख रहा है।'

बुरहानपुर किसी पार्टी का गढ़ नहीं, यहां प्रत्याशी अहम

बुरहानपुर, एजेंसी। मध्यप्रदेश में इस समय जिन सीटों पर सबकी नज़र लगी है, उनमें बुरहानपुर सीट भी है, जहां से अक्सर चौंकाने वाले परिणाम आते है। चुनावी विश्लेषकों के लिए भी ये सीट अक्सर अबूझ पहेली साबित होती है, जहाँ कोई दावे से कुछ नहीं कह सकता। इतिहास पर नजर डालें तो यहां कई बार देशव्यापी चुनावी लहर भी बेअसर रहती है और कई बार बड़े नेता भी परिणामों को प्रभावित नहीं कर पाते। यहां से दो बार विधायक रही श्रीमती अर्चना चिटनीस प्रदेश शासन में केबिनेट मंत्री रहीं, लेकिन इस बार उनकी राह में भाजपा के बागियों ने रोड़े डाल दिए है। बुरहानपुर में निर्दलीय प्रत्याशियों का चुनाव जीतना अप्रत्याशित नहीं है। पिछले विधानसभा चुनाव में यहाँ सुरेन्द्र सिंह ठाकुर उर्फ शेरा भैया कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने पर निर्दलीय मैदान में उतरे और उन्होंने भाजपा की कद्दावर नेत्री अर्चना चिटनीस को पांच हजार 120 मतों से पराजित किया। इस बार कांग्रेस ने ठाकुर सुरेन्द्र सिंह को अपना प्रत्याशी घोषित किया तो भाजपा ने फिर अर्चना चिटनीस पर ही भरोसा जताया। इसी बीच यहां भाजपा के बागी हर्षवर्धन सिंह चौहान के निर्दलीय मैदान में उतरने से यहां संघर्ष की स्थिति बन गई है। हर्षवर्धन सिंह भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और सांसद स्वर्गीय नंदकुमार सिंह चौहान के बेटे हैं। पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया, ऐसे में उन्होंने निर्दलीय मैदान में उतरने का फैसला कर लिया। यह क्षेत्र स्वर्गीय नंदकुमार सिंह चौहान की निजी लोकप्रियता का क्षेत्र रहा है। इस चुनाव में एआईएमआईएम के प्रत्याशी की मौजूदगी ने समीकरणों को और उलझा दिया है, जिससे कांग्रेस भी प्रभावित हो रही है। यहाँ से कुल 13 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं, लेकिन मुक़ाबला चतुष्कोणीय है।

बुरहानपुर विधानसभा पर 1952 से लेकर 2018 तक के 15 आम चुनाव में 6 बार कांग्रेस, 4 बार जनसंघ/भाजपा , 3 बार निर्दलीय और दो बार अन्य दलों को मौका मिला है। यहाँ दलों से ज़्यादा व्यक्तियों को मतदाताओं ने हमेशा ज्यादा महत्व दिया है। यहाँ सबसे ज़्यादा लोकप्रिय नेता स्वर्गीय ठाकुर शिवकुमार सिंह रहे जो यहाँ से तीन बार विधायक रहे और सांसद भी चुने गये। महत्वपूर्ण बात यह है कि शिवकुमार सिंह सबसे पहली बार 1977 में कांग्रेस से तब विधायक चुने गए जब देश में आपातकाल के प्रति गहराए आक्रोश को लेकर राष्ट्वव्यापी कांग्रेस विरोधी लहर चल रही थी। इसी जीत ने उन्हें इतना बड़ा कद दे दिया कि उनकी सीधी पहुँच श्रीमती इन्दिरा गाँधी तक हो गई और फिर भाजपा के पितृपुरुष कुशाभाऊ ठाकरे को लोकसभा में पराजित कर उन्होंने अपनी राष्ट्रीय पहचान बनाई। हालाँकि कुछ मतभेदों के चलते वे कांग्रेस से अलग भी हुए। इसके बाद वे एक बार जनता दल (वर्ष - 1990) से और एक बार निर्दलीय (वर्ष - 1998) विधायक चुने गए। इसके बाद पिछले चुनाव में उनके छोटे भाई ठाकुर सुरेन्द्र सिंह निर्दलीय विधायक बने। महंत स्वामी उमेश मुनि भी यहाँ से 1993 में निर्दलीय विधायक चुने जा चुके है।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।